उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष–8 अंक – 19)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 12 जून ,2023



▶ अमरनाथ यात्रा में निशुल्क सेवाओं का शुभारंभ करेंगी महापौर

▶ लिव इन पार्टनर: टुकड़े-टुकड़े कर कुकर में हड्डी व मांस उबाला

▶ समाज के सच की अनदेखी न करें निर्माता: सुनील दत्त

## न्यूज संक्षिप्त

### हिंसा के मामले में इमरान खान के खिलाफ कार्यवाही दो-तीन सप्ताह में होगी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नौ मई को हुई गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के लिए खान के खिलाफ दो-तीन सप्ताह के भीतर कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान (70) ने हिंसा में अपनी संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि जब हिंसक घटनाएं हुईं तो वह जेल में थे। सनाउल्लाह ने शनिवार रात 'जियो न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए खान "100 प्रतिशत" जिम्मेदार थे।गृह मंत्री ने कहा, "पाकिस्तान में जो कुछ भी हुआ पाकिस्तानी राजनीति में नफरत, पाकिस्तान की राजनीति में अराजकता, पाकिस्तान में आर्थिक गिरावट और देश में अस्थिरता -केवल एक ही व्यक्ति इन सबका सूत्रधार है। उसका नाम इमरान खान है।" मंत्री ने आरोप लगाया कि खान ने युवाओं के मन में जहर घोल दिया।

### जापान में भूंकप के तेज झटके से अफरातफरी

नई दिल्ली। रविवार दोपहर बाद जापान में भूंकप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूंकप की तीव्रता 6.2 मापी गई। भूंकप के झटके से कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। फिलहाल भूंकप के बाद हुई क्षति पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### भागलपुर रेलवे स्टेशन पर लगी आग

बिहार के भागलपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। इससे थोड़ी देर के लिए अफतारफरी का माहौल हो गया। आग रेलवे स्टेशन के अति विशिष्ट अतिथि कक्ष में आग लगी। मौके पर दमकल की 5 गाड़ियां मौजूद हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। भागलपुर रेलवे स्टेशन के अधिकारी सतेंद्र कुमार ने कहा कि आग दोपहर 12:20 बजे लगी थी और 1:11 बजे आग पर काबू पा लिया गया था। इुक्कररूम पूरी तरह से बर्बाद हो गया है।

### अंबरनाथ में फार्मा कंपनी में विस्फोट, 1 की मौत, 5 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके में एक फार्मा कंपनी में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। अधिकारी ने कहा कि शनिवार शाम में अंबरनाथ शहर में एक फार्मास्यूटिकल कंपनी में आग लगने से एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान सूर्यकांत जिमत के रूप में हुई है।ठाणे नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि ज़्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी के एक केमिकल सेज़शन में विस्फोट के बाद आग लग गई। आग कुछ ही देर में कंपनी की अन्य हिस्सों में भी फैल गई।

घटना शनिवार दोपहर एएमपी गेट के पास अंबरनाथ एमआईडीसी यूनिट-2 में ज़्लू जेट हेल्थकेयर के नाइट्रेशन प्लांट में हुई। अधिकारी के मुताबिक, आग लगने की वजह फिलहाल पता नहीं चल सकी है।

बता दें कि 53 साल पुरानी ज़्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी एज़्स-रे और एमआरआई से जुड़े मेडीकल उपकरण बनाती है। कंपनी की शहाड, महाड और अंबरनाथ इंडस्ट्रियल एरिया में दो मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं।

# देश के पीएम नरेन्द्र मोदी अहंकारी : केजरीवाल

## मोदी सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानते, देश में जनतंत्र खत्म

नई दिल्ली। दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी मोदी सरकार के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी (क्क) दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली कर रही है। इस दौरान महा रैली% को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। केजरीवाल ने पीएम पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ना मनाने का आरोप लगाया है और उन्हें अहंकारी बताया है।



केजरीवाल ने कहा, %एक–सवा लाख लोग यहां रामलीला मैदान में मौजूद हैं। करीब 20–25 हजार लोग बाहर से अभी आ रहे हैं।% अरविंद केजरीवाल ने कहा, %19 मई को देश के प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया है। पीएम कहते हैं कि मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानता। 75 साल के इतिहास में पहली बार पीएम आया है, जो कहता है कि मैं सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानता। पूरे देश के लोग स्तब्ध हैं। देश के लोगों को यकीन नहीं हो रहा है कि इतना अहंकारी पीएम।

केजरीवाल ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दिल्ली की जनता सुप्रीम है, लेकिन पीएम ने ये अध्यादेश पारित कर दिया और आदेश को खारिज कर दिया। अध्यादेश कहता है कि अब दिल्ली के अंदर जनतंत्र नहीं होगा। अब दिल्ली में तानाशाही चलेगी। अब जनता सुप्रीम नहीं है। अब जनता नहीं एलजी सुप्रीम होगा। जनता जिसे भी वोट दे और सरकार बनाए, पीएम कहते हैं कि सरकार तो मैं ही चलाऊंगा। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ। अंबेडकर ने संविधान में लिखा कि इस देश के अंदर जनतंत्र होगा, जनता सुप्रीम होगी। पीएम ने भारत का संविधान बदल दिया। अब जनता नहीं एलजी होगा।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, इस अध्यादेश के खिलाफ सभी पार्टियों के नेताओं से मिल रहा हूं। दिल्ली वालों पूरे देश के लोग सभी आपके साथ हैं। 140 करोड़ मिलकर इस अध्यादेश का विरोध करेंगे और जनतंत्र को बचाएंगे। ये मत सोचना कि ये केवल दिल्लीवालों के साथ हुआ है। ऐसा ही अध्यादेश राजस्थान के लिए, पंजाब के लिए, एमपी के लिए, महाराष्ट्र के लिए लाया जाएगा. इसे अभी ही रोकना पड़ेगा। केजरीवाल ने कहा, दिल्ली वालों ने 2014 में मोदीजी को 7 सीटें दी, लेकिन 70 में से 3 सीट बीजेपी को दीं, 67 सीटें आप को दीं। उसके बाद 2019 में कहा कि आप देश संभालो, लेकिन 70 में से 62 सीटें दी, बोले केजरीवाल जी आप दिल्ली संभालो। लेकिन वो फिर भी दिल्लीवालों के पीछे पड़े हुए हैं। आपसे देश नहीं संभल रहा है, बेड़ा गर्क कर दिया है आपने. दूध, सब्जी, एलपीजी कितनी महंगी होगी।%

केजरीवाल ने कहा कि चौथी पास राजा को समझ ही नहीं आ रहा है कि देश कैसे चलाया जाता है। चारों ओर बेरोजगारी फैली हुई है। इनको समझ नहीं आ रहा है कि कैसे दूर करें। भ्रष्टाचार कैसे दूर करें। जीएसटी की वजह से व्यापारी परेशान हैं। रेलवे का क्या हाल कर दिया। बेड़ा गर्क कर दिया।

केजरीवाल ने कहा, 2002 में पीएम गुजरात के सीएम बने। 12 साल गुजरात के सीएम रहे। बीते 9 साल से पीएम हैं। 21 साल हो गए राज करते–करते। मैं 2015 में सीएम बना। मेरे को 8 साल हो गए। आज उन्हें चैलेंज करता हूं। 21 साल और आठ साल किसने ज्यादा काम किया। केजरीवाल ने कहा, मोदी जी कहते हैं कि गरीबों में रेवड़ी बांट दी। अरे मैंने तो गरीबों के हाथ में अगर चार रेवड़ी रख दी तो क्या हो गया। आपने दो पूरा का पूरा रेवड़ा अपने दोस्त के हाथ में रख दिया।% केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी को लगा कि सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को जेल में डालने से हमारे काम रुक जाएंगे। हमारे पास एक नहीं 100 मनीष सिसोदिया हैं। 100 सत्येंद्र जैन हैं। हमारा दूसरा आ जाएगा काम करने के लिए। जब इनको जेल में डालने से काम नहीं चला तो अध्यादेश लेकर आए हैं। दिल्ली के लोगों के ऊपर अध्यादेश थोपा जा रहा है। दिल्ली के सातों सांसद घर में छिपे हुए बैठे हैं।

# मुंबई के धारावी इलाके में 7 मंजिला इमारत में लगी आग, 11 लोग घायल



मुंबई के धारावी इलाके में रविवार को एक आवासीय इमारत में आग लगने से 11 लोग घायल हो गए। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। जबकि पीड़ितों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने से ग्राउंड प्लस सात मंजिला इमारत के निवासियों में अफरातफरी मच गई।

नगर निकाय के अधिकारियों के अनुसार, धारावी इलाके में 90 फीट रोड पर स्थित शमा बिल्डिंग में सुबह करीब 10 बजकर 58 मिनट पर आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद मुंबई फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

एक अधिकारी ने बताया कि कम से कम 70 से 80 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उनमें से सात महीने के एक बच्चे समेत और दो अन्य बच्चों सहित कुल 11 लोगों को धुएं के कारण बेचैनी महसूस हुई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस दौरान धारावी पुलिस ने भी इलाके में यातायात को रोक दिया।

अधिकारियों ने बताया कि आग पर फायर ब्रिगेड ने दोपहर करीब 12 बजकर 27 मिनट पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में 11 लोग घायल हो गए। जिसमें से छह को इलाज के लिए पास के सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि बाकी पांच को आयुष अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि सभी पीड़ितों की हालत स्थिर है।

बीएमसी के मुताबिक, घटना में घायल हुए लोगों की पहचान मुस्कान शेख (35), रवन शेख, रुखसाना शेख (26), फरहान शेख (10), नदिया शेख (5) और सना दलवी (27) के रूप में हुई है, जो अभी सायन अस्पताल में भर्ती है। बताया जा रहा है कि इमारत के इलेक्ट्रिक डक्ट में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

इस बीच, मुंबई से सटे ठाणे जिले में शनिवार को एक फार्मा कंपनी में आग लगने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि अंबरनाथ एमआईडीसी में शाम चार बजे के करीब ब्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी के नाइट्रिक एसिड टैंक के पास धमाका हुआ और आग भड़क गई।

# ओडिशा हादसे के बाद छत्तीसगढ़ में टला हादसा, एक ही पटरी पर आमने सामने आ गई दो ट्रेनें



ओडिशा में हुए रेल हादसे के बाद एक बार फिर से एक रेल हादसा हो सकता था। इस बार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक ही ट्रैक पर दो रेल गाड़ियां आ गई। इनमें से एक मालगाड़ी और मेमू ट्रेन थी।

ओडिशा में हुए रेल हादसे के बाद एक बार फिर से एक रेल हादसा हो सकता था। इस बार छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक ही ट्रैक पर दो रेल गाड़ियां आ गई। इनमें से एक मालगाड़ी और मेमू ट्रेन थी। ओडिशा के बाद छत्तीसगढ़ में भी ऐसा ही रेल हादसा होते हुए बच गया है। छत्तीसगढ़ में बड़ा रेल हादसा होते हुए बच गया है। एसईसीआर जोन के बिलासपुर के गतौर सेक्शन में ट्रैक पर मालगाड़ी और मेमू ट्रेन आमने सामने आ गई थी। इन दोनों ट्रेनों के बीच काफी कम दूरी रह गई थी, मगर समय पर ट्रेनों को रोक कर हादसा होने से बच गया।

वहीं जैसे ही यात्रियों को इस घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना शुरू कर दिया। बता दें कि रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर मालगाड़ी पहले से ही खड़ी हुई थी। इस दौरान कोरबा के लिए एक ट्रेन भी वहां आकर खड़ी हो गई। हालांकि दोनों ट्रेनों के बीच टक्कर होने से बच गई। ऐसा होता तो बड़ा हादसा फिर हो जाता। गौरतलब है कि हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर में भी एलपीजी से भरी मालगाड़ी गैस फैक्ट्री में डिरेल हुई थी। हालांकि यहां कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

**रेलवे ने जारी किया स्पष्टीकरण**

इस हादसे के बाद रेलवे ने भी स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। बिलासपुर जिले के जयरामनगर और जांजगीर–चांपा जिले के कोटमीसोनर के बीच मेमू ट्रेन और मालगाड़ी एक ही पटरी पर आ गई। मग समय रहते ही इन दोनों गाड़ियों को टकराने से रोक लिया गया। इस हादसे के बाद रेलवे ने कहा कि सोशल मीडिया पर जयरामनगर–बिलासपुर सेक्शन का वीडियो वायरल है। इसमें दो गाड़ी आमने सामने खड़ी दिखती है। इस स्टेशन पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग ब्लॉक सेक्शन है। जहां भी ऑटोमेटिक सिग्नलिंग ब्लॉक सेक्शन है वहां एक ही लाइन पर एक से अधिक गाड़ियों को सुरक्षित परिचालन एक ही समय में सिग्नल के आधार पर होता है। इन गाड़ियों का परिचालन इस नियम से होता है।

## खड़गपुर स्टेशन के पास पटरी से उतरी मेदिनीपुर-हावड़ा लोकल ट्रेन

खड़गपुर। पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर स्टेशन पर मेदिनीपुर–हावड़ा लोकल ट्रेन का एक डिब्बापटरी से उतर गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संवाददाता के अनुसार उन्होंने बताया कि हादसा जब रेलगाड़ी हावड़ा की ओर जा रही थी और डिब्बे में कोई नहीं था। इसलिए जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण मार्ग पर सेवाएं लगभग 30 मिनट तक बाधित रहीं। अधिकारियों ने कहा कि डिब्बे को पटरी पर वापस लाये जाने के बाद इस खंड पर सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है।गौरतलब है कि ओडिशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गईं थीं। इस हादसे में 12841 शालीमार–चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, 12864 सर एम विश्वेश्वरैया– हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कुल 17 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे में बहानगा बाज़ार रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी भी हादसे की चपेट में आई थी. सीबीआई इस रेल हादसे की जांच कर रही है।

## चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के दो पहिए पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

चेन्नई। डा. एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन (मूर मार्केट) से चलने वाली एक इलेक्ट्रिक ट्रेन का डिब्बा रविवार को बेसिन ब्रिज के पास पटरी से उतर गया। जोरदार आवाज आने के बाद ट्रेन चालक ने तुरंत ट्रेन रोक दी। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन बेसिन ब्रिज और व्यासरपाडि रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। दक्षिण रेलवे के सूत्रों ने बताया कि इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट का दूसरा डिब्बा पटरी से उतर गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

ट्रेन में सवार कई लोग उतरकर स्टेशन से निकलकर नजदीकी बस अड्डे पर चले गए। इस बीच चेन्नई सेंट्रल स्टेशन के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बॉक्स के चारों पहियों को सामान्य स्थिति में लाया गया। दक्षिण रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद तिरुवल्लुर और आवडी खंड से ट्रेन सेवाएं कुछ घंटों के लिए रोक दी गई। कुछ ट्रेनों को पेरम्बूर और विल्लीवाक्कम स्टेशनों पर भी रोका गया।

## भारत सरकार के लिए हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

उचित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, भारतीय वायु सेना और सूडान स्थित भारतीय दूतावास सहित अन्य अधिकारियों की एक टीम नियुक्त की गई थी। इस दौरान, भारतीय नागरिकों को सूडान के अलग–अलग हिस्सों से राजधानी खार्तूम ले जाया गया जहां से उन्हें वापस भारत लाया गया।

जैसे कावेरी नदी अपने अविरल प्रवाह से बिना किसी बाधा के अपने गंतव्य तक पहुँचती है, वैसे ही ऑपरेशन कावेरी ने संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। गौरतलब है कि भारत सरकार समय–समय पर संकट की स्थिति में दूसरे देशों से भारतीयों को वापस स्वदेश लाने के लिए ऑपरेशन चलाती है। इसके तहत दूसरे देशों में फंसे लोगों को वापस हिंदुस्तान लाया जाता है।

# बीजेपी को लगा झटका, 100 भाजपाइयों ने थामा कांग्रेस का हाथ



जगदलपुर। चुनावी वर्ष होने के चलते बीजापुर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को भोपालपटनम के भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले ग्राम संड्रापल्ली के 100 से अधिक भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस प्रवेश कर लिया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों को फूलमालाओं और गमछा पहना कर स्वागत किया गया।कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेश जैन ने बताया कि संड्रापल्ली गांव के नव प्रवेशित कार्यकर्ताओं को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, नीना रावतीया उद्दे, सरिता चापा, कामेश्वर गौतम, निर्मला मरपल्ली, मिच्छा मुतैया, तलांडी इस्तारी, रिंकी कोरम ने फूलमाला और कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि संड्रापल्ली के 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल की सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किए है आने वाले दिनों में और लोग कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करेंगे।वही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि यह बदलते बीजापुर की तस्वीर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनकल्याणकारी नीतियों के अलावा किसानों के जेब में धान का पैसा और तेंदूपत्ता का पैसा डालने का काम किया है प्रदेश में सामाजिक समरसता का भाव है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी लगातार जनसेवा में लगें है उसी का नतीजा है कि आज 100 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया है।

# पाकिस्तान में भारी बारिश के कारण 28 की मौत, 145 घायल



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कम से कम 28 लोगों की मौत हो गयी और करीब 145 लोग घायल हो गये।प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी बयान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू, डेरा इस्माइल खान, करक और लक्की मरवत में वर्षाजनित घटनाओं में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 145 लोग घायल हो गये। वहीं कम से कम 69 घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है।प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा में सभी 1122 केंद्रो को किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है। खोज और बचाव अभियान जारी है और सभी घायलों को मौके पर चिकित्सा सहायता प्रदान करने के बाद अस्पताल में स्थानांतरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बन्नू जिले के रहने वाले डिप्टी स्पीकर नेशनल असेंबली जाहिद अकरम दुर्रानी के साथ टेलीफोन पर बातचीत में बारिश से संबंधित घटनाओं में जानमाल के नुकसान पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया है।खैब्र पख्तूनख्वा के कार्यवाहक सूचना मंत्री बैरिस्टर फिरोज जमाल शाह ने अपने बयान में कहा कि प्रभावित जिलों के अस्पतालों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों के संपर्क में है।

# जबलपुर रैली के साथ कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगी प्रियंका गांधी

जबलपुर। प्रियंका गांधी वाद्रा साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रचार अभियान की शुरुआत सोमवार को जबलपुर से नर्मदा तट पर पूजा–अर्चना करने के बाद करेंगी। जबकि शेष दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली थी।जबलपुर के महापौर और कांग्रेस के शहर प्रमुख जगत बहादुर सिंह ने रविवार को पीटीआई/से कहा, "प्रियंका जी शनिवार को सुबह करीब 11.15 बजे शहीद स्मारक में एक जनसभा को संबोधित कर पार्टी के चुनाव अभियान और संकल्प 2023 की शुरुआत करेंगी। वह सुबह करीब 10:30 बजे जबलपुर पहुंचेगीं और नर्मदा नदी की पूजा करने के लिए ग्वारीघाट जाएंगी। उन्होंने कहा कि रैली स्थल के रास्ते में प्रियंका मुगलों से लड़के हुए शहीद हुई रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी।उन्होंने कहा कि रैली में कम से कम दो लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने दावा किया, "महाकोशल क्षेत्र या आठ जिलों वाले जबलपुर संभाग के लोग खुद को भाजपा द्वारा उपेक्षित महसूस करते हैं।हमने इस क्षेत्र में (पिछली बार) अच्छा प्रदर्शन किया था। इस बार चुनाव में हम शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।" यह पूछे जाने पर कि उन्होंने पार्टी के प्रचार अभियान के लिए जबलपुर को क्यों चुना, मध्य प्रदेश से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि रैली महाकोशल में आयोजित की जा रही है क्योंकि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इस क्षेत्र से होकर नहीं गुजरी थी। उन्होंने कहा, महाकोशल क्षेत्र में रैली से पड़ोसी विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्रों में कांग्रेस को मदद मिलेगी।

## संपादकीय

## कनाडा की जवाबदेही

यूं तो कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों की खबरें अक्सर आती रहती हैं लेकिन बीते सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालने की घटना ने सभी हदें पार कर दी। जो बताती है कि कनाडा में भारत विरोधी पृथकतावादियों के हौसले कितने बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में शामिल लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। चार जून को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर भारतीय राष्ट्रवादी उद्वेलित हुआ है। जिसके चलते भारत सरकार ने भी घटना का कड़ा प्रतिवाद किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़े शब्दों में कहा है कि ये घटना न तो भारत-कनाडा संबंधों के लिये और न ही कनाडा के लिये ठीक है। यूं तो कहने के लिये भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैक ने इस घटना की निंदा की है, और कहा है कि उनके देश में हिंसा व नफरत के महिमामंडन के लिये कोई स्थान नहीं है। लेकिन वहीं कनाडा सरकार के एक मंत्री ने भारत पर उसके अंदरूनी मामलों में दखल देने का कुतर्क दोहराया है। दरअसल, कनाडा को समझ नहीं आ रहा है कि चरमपंथ, पृथकतावाद और हिंसा की तपिश का ताप देर-सवेर उसे भी महसूस करना पड़ेगा। दुनिया के कई देशों ने ऐसे कृत्यों को संरक्षण की कालांतर कीमत चुकायी है। इस बात का अहसास कनाडा के हुक्मरानों को जितनी जल्दी हो सके, अच्छा है। दरअसल, कनाडा में अलगाववादियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कभी वे पृथक देश के मुद्दे पर जनमत संग्रह की बात करते हैं, कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, भारतीयों पर हमले करते तो कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। जिसको देखकर भी कनाडा सरकार चुप्पी साध लेती है। दरअसल, अलगाववादी उस स्याह सच पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी बड़ी कीमत पंजाब ने चुकायी है। बड़ी कुर्बानी देकर पंजाब आज शांत माहौल में प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

निस्संदेह, ऐसा भी नहीं है कि कनाडा में रहने वाले सारे भारतीय मूल के लोग अलगाववाद के पक्षधर हैं। आज कनाडा विकास के जो नये मानक स्थापित कर रहा है उसमें पंजाब के लोगों का बड़ा योगदान है। लेकिन सकारात्मकता और नकारात्मकता के बीच स्पष्ट विभाजन जरूरी है। विडंबना यह है कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स के चलते कनाडा सरकार चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने से गुरेज कर रही है। दरअसल, पंजाब मूल के लोगों के वर्चस्व वाले एक राजनीतिक दल का ट्रूडो सरकार की बैशाखी होना भी इस तरह की घटनाओं के प्रति वहां सरकार की अनदेखी की एक वजह है। इस दल में भी अलगाववादियों का दबदबा बताया जाता है। जाहिर है जब तक भारत कनाडा सरकार पर कूटनीतिक दबाव नहीं बनायेगा तब तक इन बेलगाम हरकतों पर काबू पाना मुश्किल होगा, तब तक ब्रैंपटन शहर जैसी परेड की घटनाएं दोहरायी जाती रहेंगी।

जो किसी भी सभ्य समाज को परेशान करती रहेंगी। इतना ही नहीं कनाडा की धरती से जो भारत विरोधी गतिविधियों व अपराध का संचालन हो रहा है उसे रोकने के लिये भी केंद्र सरकार को सजग रहना होगा। वहीं दूसरी ओर कनाडा में पढ़ने गये सात सौ के करीब छात्रों के भविष्य को लेकर उठ रहे सवाल भी परेशान करने वाले हैं।

# मासूमों की कब्रगाह बनते खुले बोरवेल

**यूक्रेन वाले हिस्से में तीन लोगों के मौत की ख़बर मिली है। काखोव्का जलाशय से जापोरिजजिया न्यूज़िलयर पॉवर प्लांट की कूलिंग के लिए वाटर सप्लाई की जाती है। यह एटमी प्लांट अभी रूस के हिस्से में है। आशंका है कि अगर क्षतिग्रस्त बांध के रास्ते जलाशय से बहुत ज्यादा पानी निकल गया, तो रिएज़्टरों को ठंडा करने के लिए पानी नहीं बचेगा, इससे अकल्पनीय तबाही मच सकती है। काखोव्का जलाशय से एक नहर के ज़रिये रूस के कज़्जे वाले क्राइमिया को भी पानी की आपूर्ति की जाती रही है। बांध के टूटने का दुष्प्रभाव वहां भी जान-माल पर पड़ा है।यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बांध को उड़ाने के लिए रूसी फौजों को जिज़्मेदार ठहराया है।**



मध्य प्रदेश के सीहोर में 300 फुट गहरे बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची सृष्टि आखिरकार 55 घंटे की जद्दोजहद के बाद जिंदगी की जंग हार गई। 6 जून की दोपहर एक बजे वह खेलते समय खेत में बने बोरवेल में गिर गई थी। हालांकि बच्ची को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें निरन्तर अभियान में जुटी थीं, लेकिन उसे बोरवेल से निकालने का काम तब और कठिन हो गया था, जब वह 20 फुट की गहराई से फिसलकर बोरवेल में करीब 100 फुट नीचे चली गई थी। उसके बाद उसे बचाने के लिए रोबोटिक एक्सपर्ट की टीम की मदद ली गई, जिसने 8 जून की शाम को बच्ची को बाहर निकाल तो लिया लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

इस दर्दनाक हादसे से चंद दिन पहले 4 जून को गुजरात के जामनगर जिले में भी दो साल की एक बच्ची की 200 फुट गहरे बोरवेल में गिरकर मौत हो गई थी। बोरवेल में 20 फुट की गहराई पर फंसी उस मासूम को भी 19 घंटे के बचाव अभियान के बाद भी बचाने में सफलता नहीं मिली थी। 20 मई को जयपुर के भोजपुरा गांव में भी 9 साल का एक बच्चा 200 फुट गहरे बोरवेल में गिरकर 70 फुट की गहराई पर फंस गया था, लेकिन उसे कुछ घंटों की मशक्कत के बाद बचा लिया गया था। इसी साल 15 मार्च को मध्य प्रदेश में विदिशा जिले के लटेरी गांव में 7 साल के लोकेश की भी बोरवेल में गिरने से मौत हो गई थी। बीते कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे अनेक दर्दनाक हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें कई मासूम दर्दनाक मौत की नींद सो चुके हैं। विडम्बना है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए समाज में कहीं कोई जागरूकता नजर नहीं आती।

नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स यानी एनडीआरएफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में कई बच्चे बोरवेल में गिर चुके हैं लेकिन उन्हें बचाने में करीब 70 फीसदी रेस्क्यू ऑपरेशन नाकाम रहे हैं। निरन्तर होते ऐसे हादसों को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि मासूम बच्चों की समाधि बनते इन बोरवेल हादसों के प्रति समाज से लेकर पूरा सिस्टम आखिर कब गंभीर होगा? एनडीआरएफ के मुताबिक बोरवेल उपयोग के मामले में भारत पूरी दुनिया में नंबर 1 पर है और बोरवेल से जुड़े अधिसंख्य हादसों में छोटे बच्चे ही शिकार बनते हैं, जिनमें से महज 30 प्रतिशत बच्चों के ही सुरक्षित बाहर निकाले जाने की संभावना होती है। बोरवेल में गिरने के करीब 92 प्रतिशत मामलों में 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे ही होते हैं। भूगर्भ जल विभाग के अनुमान के अनुसार देशभर में करीब 2.7 करोड़ बोरवेल हैं लेकिन सक्रिय बोरवेल की संख्या, अनुपयोगी बोरवेल की संख्या और उनके मालिक का राष्ट्रीय स्तर पर कोई डाटाबेस नहीं है। चिंता की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बावजूद सिस्टम भी ऐसे हादसों को लेकर गंभीर नहीं है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, कानूनी संशोधनों और तमाम सख्ती के बावजूद ऐसे हादसे रुक नहीं रहे।

बोरवेल खुदाई को लेकर अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट के भी कई निर्देश हैं और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी, जो सुनिश्चित करेंगे कि केन्द्रीय या राज्य की एजेंसी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका का सही तरीके से पालन हो। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एसएच कपाड़िया, जस्टिस राधाकृष्णन और जस्टिस स्वतंत्र कुमार की सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने बच्चों को गंभीर बोरवेल हादसों से बचाने के लिए एक रिट पटीशन पर सुनवाई कर 6 अगस्त, 2010 को एक आदेश पारित किया था और उसी समय से यह फैसला देशभर में लागू है लेकिन इसका सही तरीके से पालन कराया जाना आज तक सुनिश्चित नहीं किया गया है। विडम्बना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के बावजूद कभी ऐसे प्रयास होते नहीं दिखे, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार बोरवेल की खुदाई से पहले कलेक्टर अथवा ग्राम पंचायत को लिखित सूचना देनी होगी। खुदाई करने वाली सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन होना चाहिए। बोरवेल खुदवाने के कम से कम 15 दिन पहले डीएम, ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को सूचना देना अनिवार्य है। बोरवेल की खुदाई वाले स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए और खुदाई के दौरान आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग की जानी चाहिए तथा फेंसिंग पाइप के चारों ओर सीमेंट अथवा कंक्रीट का 0.3 मीटर ऊंचा प्लेटफार्म बनाना चाहिए।

इस दर्दनाक हादसे से चंद दिन पहले 4 जून को गुजरात के जामनगर जिले में भी दो साल की एक बच्ची की 200 फुट गहरे बोरवेल में गिरकर मौत हो गई थी। बोरवेल में 20 फुट की गहराई पर फंसी उस मासूम को भी 19 घंटे के बचाव अभियान के बाद भी बचाने में सफलता नहीं मिली थी। 20 मई को जयपुर के भोजपुरा गांव में भी 9 साल का एक बच्चा 200 फुट गहरे बोरवेल में गिरकर 70 फुट की गहराई पर फंस गया था, लेकिन उसे कुछ घंटों की मशक्कत के बाद बचा लिया गया था। इसी साल 15 मार्च को मध्य प्रदेश में विदिशा जिले के लटेरी गांव में 7 साल के लोकेश की भी बोरवेल में गिरने से मौत हो गई थी। बीते कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे अनेक दर्दनाक हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें कई मासूम दर्दनाक मौत की नींद सो चुके हैं। विडम्बना है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए समाज में कहीं कोई जागरूकता नजर नहीं आती।

बोरवेल के मुहाने पर स्टील की प्लेट वेल्ड की जाएगी या उसे नट-बोल्ट से अच्छी तरह कसना होगा। बोरवेल की खुदाई पूरी होने के बाद खोदे गए गड्ढे और पानी वाले मार्ग को समतल किया जाएगा। खुदाई अधूरी छोड़ने पर मिट्टी, रेत, बजरी, बोल्डर से बोरवेल को जमीन की सतह तक भरा जाना चाहिए। अदालत के इन दिशा-निर्देशों का पालन कहीं होता नहीं दिख रहा और न ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती दिखती है।

देश में प्रतिवर्ष औसतन 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं, जिनमें से बहुत से बच्चे इन्हीं बोरवेलों में जिंदगी की अंतिम सांसें लेते हैं। ऐसे हादसे हर बार किसी परिवार को जीवनभर का असहनीय दुख देने के साथ-साथ समाज को भी बुरी तरह झकझोर जाते हैं।

वहीं रेस्क्यू ऑपरेशनों पर अथाह धन, समय और श्रम भी नष्ट होता है। वैसे बोरवेल हादसों में बच्चों को बचाने में अक्सर सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक जमाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वे स्वचालित तकनीकें क्यों नहीं हैं, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके। वहीं मासूम बचपन को बचाने के लिए समाज में जागरूकता लानी होगी ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# सैफू के तैमूर पर भारी पड़ गया सपना का पोरस..!

सपना चौधरी के नाम से आप सब परिचित होंगे। चलिए याद दिला देता हूं, यह एक हरिवाणवी डांसर है जो काफी लोकप्रिय हुई। अब आप लोग चाहे कुछ भी कह ले पर ये अकेली मोहतरमा सैफू और करीना जैसे तमाम एजेंडाधारी सेक्युलरो पर भारी पड़ रही कारण है इनके बेटे का नामकरण। आपको याद होगा फिल्म अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने बेटे का नाम तैमूर रख कर काफी सुर्खियां बटोरी थी पर अब उस सुर्खी को चार सौ चालीस बोल्ट का झटका दिया है डांसर सपना चौधरी ने। बतौर मीडिया उन्होंने अपने बेटे का नाम पोरस रखा है जो इतिहास में सिकंदर और तैमूर पर भारी पड़ा था। अब ऐसे में उमर खालिद और शहिस्ता बानो जैसों को निर्दोष बताने वाली नकली कांग्रेसी को नकली इतिहास फिर से बदलना होगा क्युकी इनको औकात बता दी है डांसर सपना चौधरी ने। हरियाणवी डांसर सपना चौधरी ने अपने बेटे का नामकरण प्रथम जन्मदिवस पर दुनिया को कुछ इस अंदाज में बताया कि मुझे यकीन है तू आम नहीं है, तू आम घर में है, लेकिन तू आम नहीं है। दुनिया की नजरें बुरी हैं, इसलिए सरेआम नहीं है। हम तो एक जरिया थे, तू इस माटी का लाल है। तू उस कौम का हिस्सा है जिसने तैमूर से लेकर सिकंदर तक को थामा है, इसलिए मैं तेरा नाम 'पोरस' रखते है, तेरे जन्मदिन पर पूरे जहान को बधाई है। सपना का नाम चाहे जिस सेंस में लोग लेते हो लेकिन बॉलीवुड नचनियों से इनका थिंकिंग काफी उम्दा लेवल का है। इतिहास में भी पोरस तैमूर पर भारी पड़ा था और कल भी पोरस तैमूर पर भारी ही पड़ेगा। अकबर अच्छा शासक था या बुरा शासक था इसका कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है क्योंकि साक्ष्य कांग्रेसी शासन में मिटा दिया गया। मुझे इस बात से बिल्कुल फर्क नहीं पढ़ता की मुगलों ने भारत के लिए क्या अच्छा किया था क्योंकि मुगल गद्दार थे है और रहेंगे। 300 साल पीछे जाकर कोई कौन सा कुछ बदल सकता है। मुझे तो इस बात से फर्क पढ़ता है कि मैंने शिवाजी के बारे में सत्य पढ़ा है। चलो शिवाजी न सही महाराणा प्रताप के बारे में ही पढ़ लेते जैसा कि तुम खुद मानते हो कि कांग्रेस की सरकारों ने मुगलों का इतिहास जबरन पढ़ाया शिवाजी का नहीं, समस्या तो यही है कि जबरन थोपा गया। हिन्दू- मुस्लिम की राजनीति के चक्कर में व्हाट्सप्प यूनिवर्सिटी से पीएच डी कर नसीरुद्दीन शाह, जावेद अख्तर शबाना आजमी जैसे लोग केवल दुकान चला रहे। मशहूर शायर ने नफ़रत की चासनी में डूबकर समाजवादी पार्टी के लिए वोट बैंक बन कर दंगा कराया 7 और उन लोगो की मूर्खता पर तो और तरस आता है जो अपने बाप और भाई को समर्थन नहीं कर पा रहे और चले हैं अकबर को महान बता कर गर्व करने। अपनी हालत तो देख लो। सर्वे के अनुसार हिंदुओं तुम्हरी आर्थिक स्थिति इस्लामिक देश के लोगो से भी खराब है।



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**हरियाणवी डांसर सपना चौधरी ने अपने बेटे का नामकरण प्रथम जन्मदिवस पर दुनिया को कुछ इस अंदाज में बताया कि मुझे यकीन है तू आम नहीं है, तू आम घर में है, लेकिन तू आम नहीं है। दुनिया की नजरें बुरी हैं, इसलिए सरेआम नहीं है। हम तो एक जरिया थे, तू इस माटी का लाल है। तू उस कौम का हिस्सा है जिसने तैमूर से लेकर सिकंदर तक को थामा है,**

धर्म और मूर्खता की राजनीति छोड़कर अपने पेशे के लिए कुछ कर सकते थे सैफू पर तुमने कंट्रोवर्सी चुनी। वैसे कुछ भी कह लो क्योंकि पैसा होगा तो इज्जत होगी। हम तो सेक्यूलर दलित नेताओं के कारण बर्बाद हुए जा रहे हैं ऊपर से कट्टरपंथी जेहादी हमें सुबह से शाम तक गाली देते हैं वो अलग। धीरे-धीरे मुसलमान कांग्रेस के बारे में सोचने लगा लेकिन कांग्रेस का अतीत उसे सोचने पर मजबूर कर देता है। सबसे बदतरीन दंगे कांग्रेस के दौर में ही हुए। दंगाइयों के ख़िलाफ़ उसने कुछ नहीं किया। आतंकवाद के नाम पर सबसे ज़्यादा उत्पीड़न कांग्रेस राज में ही हुआ। इन्हीं सब की वजह से मुस्लिम का कांग्रेस से पूरी तरह मोह भंग हुआ। कांग्रेस में हमेशा से संघ के लोग रहे हैं। हमने खुद कांग्रेसियों को रंग बदलते हुए देखा है। जब भी कांग्रेस की बात होती है तो बहुत लोग याद दिला देते हैं कि कैसे कांग्रेस काल में मुस्लिम का उत्पीड़न हुआ। 25-25 साल तक जेलों में रखा गया, बाद में बाइज़्ज़त बरी हुए। कहीं कोई विस्फोट होता, तुरंत मुसलमानों को पकड़ा जाता। कोई इंडियन मुजाहिदीन नाम का संगठन पैदा हो गया, जिसे ज़िम्मेदार ठहरा दिया जाता। कांग्रेस में अब संघ के लोग नहीं हैं उनकी जगह मुजाहिद के लोगो ने ले लिया और अब तैमूर और अकबर पैदा हो रहे। लेकिन जिस तरह से राहुल गांधी ने कांग्रेस को संघ से मुक्त करने के लिए कदम उठाए हैं, उससे उम्मीद तो बंधती है भारत के फिर दो टुकड़े कर सकती है ये। अब लगता है कि राहुल गांधी की कांग्रेस कुछ अलग होगी। लोगो ने विगत वर्षो सोशल मीडिया पर अपने प्रोफाइल पिक्चर में ऐसी तस्वीर लगाई थी जिसमें औरंगज़ेब ज़मीन पर पड़ा है और शिवाजी का एक पैर उसके ऊपर है। यह वही दौर है जहां हम हिंदू राष्ट्र की ओर बढ़ सकते है। आख़िर आज के मुसलमान को औरंगजेब से क्या लेना-देना है जो एक नाम से उसकी उत्कर्षा उठ कर हिलोरे मार रही। नुपुर शर्मा के हनुमान चालीसा से कतर की भावनाएं आहत हुई जा रही हैं ! बरक्स सेक्युलर हिंदू राष्ट्र बनने का डर दिखाकर और शोर मचाकर अपनी बेचैनी का इज़हार कर रहे तो कहना होगा कि ये तरीके कतई ठीक नहीं हैं। नफ़रत का जवाब नफ़रत से देना अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा फिलहाल तो अब औरंगजेब के आगे पोरस खड़ा है और देश हिंदुत्व की ओर तेजी से बढ़ चला है।

# थ्रिलर वेब सीरीज 'रफूचक्कर' 15 जून को रिलीज होगी




ज्योति देशपांडे, अर्जुन सिंह बरन, कार्तिक डी निशंदर द्वारा निर्मित, रितम श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित कॉन थ्रिलर ड्रामा वेब सीरीज 'रफूचक्कर' का टीज़र और पोस्टर रिलीज़ कर दिया गया है। ट्रेलर में मनीष पॉल का अलग अलग लूक काफी सुर्खियां बटोर रहा है। 'रफूचक्कर' से ओटीटी स्पेस में डेब्यू करनेवाले अभिनेता मनीष पॉल इसमें एक ठग की दिलचस्प किरदार में नजर आनेवाले हैं। जियो स्टूडियोज की यह वेब सीरीज़ 15 जून को ओटीटी प्लेटफार्म 'जियो सिनेमा' पर रिलीज़ होगी और इसमें मनीष पॉल को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। 'रफूचक्कर' एक फ्रेश फील के साथ, दर्शकों को एक आकर्षक कहानी के साथ, ठगीय पैंतरेबाज़ी से दर्शकों का मनोरंजन करनेका वादा करती है। यह वेब सीरीज़ नैनीताल के शांत पहाड़ी इलाकों से लेकर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके तथा यथार्थवादी पुलिस स्टेशनों और अदालतों के दृश्यों का मिश्रण है। इस वेब श्रृंखला में प्रिया बापट, अक्षा परदसनी, सुशांत सिंह और शिरीन सेवानी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय

# आओ बच्चों को बालश्रम की बेड़ियों से मुक्त कराने में सहयोग करे



गोंदिया। वैश्विक स्तरपर बच्चों का नाम आते ही संवेदनशीलता, सहिष्णुता, भावों का कोमल होना, दया लाड प्यार इत्यादि अनेक भावनाएं मन में जागृत हो जाती है!! यह और कुछ नहीं मानवी जीवन में बच्चों के प्रति एक खिंचाव, लगाव और प्यार है या हम यूं कहें कि उनके चार कदम आगे सृष्टि में उपस्थित 84 लाख़ योनियों में भी अपने बच्चों के प्रति अपने अपने स्तर पर गहरा लगाव है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो, भारतवर्ष में प्रारंभ से ही बच्चों को ईश्वर अल्लाह का रूप माना जाता है। ईश्वर के बाल रूप यथा बाल गणेश, बाल गोपाल, बाल कृष्णा, बाल हनुमान आदि इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। भारत की धरती ध्रुव, प्रह्लाद, लव-कुश एवं अभिमन्यु जैसे बाल चरित्रों से पटी हुई है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि बच्चे देश का भविष्य है इसलिए ये जरूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए और उनकी देखभाल की जाए, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। वे बच्चों को राष्ट्र का निर्माता कहते थे। जबकि छोटे बच्चों से श्रमिकों के रूप में काम करवाया जाता है, बाल श्रमिकों की समस्या बहुत पुरानी है। इसके पीछे गरीबी के साथ ही माँ बाप का लोभ और पारिवारिक परिस्थिति कारण होती है। इस समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और शासन के स्तर पर प्रयास आवश्यक हैं। साथियों आधुनिक युग में अपेक्षाकृत अधिक बच्चे खासकर कोविड महामारी और उसके बाद की स्थिति में श्रम करने को मजबूर हो गए हैं जिसे रेखांकित करना जरूरी है आज के आर्टिकल में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में बाल श्रम निषेध पर विस्तृत चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा 12 जून 2023 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो इसके एक भाग के रूप में 17 वें राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया है। बच्चों को बाल श्रम की बेड़ियों से मुक्त कर उनके भविष्?य को नया रूप देकर उन्?हें सशक्?त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम में के व्यापकता की करें तो, दुनियां भर में बच्चे नियमित रूप से भुगतान और अवैतनिक कार्यों में लगे हुए हैं जो उनके लिए हानिकारक नहीं हैं। हालाँकि, उन्हें बाल श्रमिकों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब वे काम करने के लिए बहुत छोटे होते हैं, या खतरनाक गतिविधियों में शामिल होते हैं जो उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक या शैक्षिक विकास से समझौता कर सकते हैं। सबसे कम विकसित देशों में, चार में से एक बच्चे (5 से 17 वर्ष की आयु) से थोड़ा अधिक श्रम में लगे हुए हैं जो उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए हानिकारक माना जाता है।

साथियों बात अगर हम बाल श्रम की विभिन्न दृष्टिकोण से परिभाषा की करें तो, सयुक्त राष्ट संग के मुताबिक 18साल से कम उम्र के बच्चो से श्रम कराना कानूनी अपराध है 7अंतरराष्ट्रीय श्रम संघ ने बाल श्रम उम्र 15 साल तय की है। भारत सविधान के अनुसार किसी उद्योग, कारखाने में शारीरिक अवं मानसिक रुप से काम करने की उम्र 5-14 वर्ष की होने पर बालश्रम कहा जाता है 7अमेरिका में उम्र 12 साल रखी गयी है। बालश्रम पर लगाम लगाने के लिए कई संवैधानिक प्रावधान बनाये है। अनुच्छेद 15(3)= बाल श्रम एक ऐसा विषय है, जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, दोनों कानून बना सकती हैं। अनुच्छेद 21;6-14 साल के बच्चो को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी (धारा 45) अनुच्छेद 23-बच्चो को खरीद फरोक पर रोक लगात है बच्चो को खरीद फरोक पर रोक लगाता है। अनुच्छेद-24 किसी फैक्ट्री, खान, अन्य संकटमय गतिविधियों यथा- निर्माण कार्य या रेलवे में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध करता है।

साथियों बात अगर हम श्रम के खिलाफ कानूनों और वर्तमान स्थिति की करें तो, भारत के संविधान, 1950 का अनुच्छेद 24 स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को ऐसे कार्य या कारखाने इत्यादि में न रखा जाये जो खतरनाक हो। कारखाना अधिनियम, बाल अधिनियम, बाल श्रम निरोधक अधिनियम आदि भी बच्चों के अधिकार को सुरक्षा देते हैं किन्तु इसके विपरीत आज की स्थिति बिलकुल भिन्न है। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया हैं, जिससे बच्चों के जीवन व शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल-श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। इसमें कोई शक नहीं कि बाल-श्रम की समस्या किसी भी देश व समाज के लिए घातक हैबाल-श्रम पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बाल-श्रम की समस्या जड़ से समाप्त होना अति आवश्यक है। साथियों केवल घर का काम नहीं इन बालश्रमिकों को पटाखे बनाना, कालीन बुनना, वेल्डिंग करना, ताले बनाना, पीतल उद्योग में काम करना, कांच उद्योग, हीरा उद्योग, माचिस, बीड़ी बनाना, खेतों में काम करना (बैल की तरह), कोयले की खानों में, पत्थर खदानों में, सीमेंट उद्योग, दवा उद्योग में तथा होटलों व ढाबों में झूठे बर्तन धोना आदि सभी काम मालिक की मर्ज़ी के अनुसार करने होते हैं। इन समस्त कार्यों के अतिरिक्त कूड़ा बीनना, पोलीथिन की गंदी थैलियाँ चुनना, आदि अनेक कार्य हैं जहाँ ये बच्चे अपने बचपन को नहीं जीते, नरक भुगतते हैं परिवार का पेट पालते हैं। इनके बचपन के लिए न माँ की लोरियां हैं न पिता का दुलार, न खिलौनेहैं, न स्कूल न बालदिवस इनकी दुनिया सीमित है तो बस काम काम और काम, धीरे धीरे बीड़ी के अधजले टुकड़े उठाकर धुआं उडाना, यौन शोषण को खेल मानना इनकी नियति बन जाती है।

एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

-सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# जिलाधिकारी ने 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए की बैठक में दिए निर्देश




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 21 जून को 9वाँ-अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए 15 जून से 21 जून तक जनपद में एक सप्ताह तक योग दिवस से जुड़े कार्यक्रम समस्त ऐतिहासिक स्थलों, स्कूलों, पार्कों, तहसीलों एवं ब्लॉकों में आयोजित किया जाएगा। 15 जून को जनपद के विभिन्न स्थानों में सुबह 6 बजे से 7 बजे के मध्य योग दिवस सप्ताह से जुड़े कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जायेगा। योग दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त स्कूलों में योग सेमिनार, योग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रीनपार्क स्टेडियम में भव्य योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 21 जून को संपूर्ण जनपद के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ऐतिहासिक स्थलों, पार्कों, अमृत सरोवरों में अलग-अगल स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। ई डिस्टिक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक विभाग का एक नोडल अधिकारी नामित कराते हुए उनके विभाग द्वारा योग दिवस के कार्यक्रमों की फोटोग्राफ प्राप्त करते हुये आयुष कवच ऐप पर अपलोड की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नगर), समस्त उपजिलाधिकारी /समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक युनानी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एनवाई सिनेमा कानपुर में 57 साल की धरोहर को फिर से करेगी जीवित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एनवाई सिनेमा कानपुर के लोगों के लिए हीर पैलेस को फिर से खोलेगी, जिससें शहर की प्रतिष्ठित धरोहर में नया जीवन मिलेगा।कानपुर के सबसे पुराने मूवी थियेटर में से एक हीर पैलेस, 1966 में बनाया गया था और यह शहर की सबसे व्यस्त रहने वाली सड़क माल रोड पर स्थित है। कानपुर का पसंदीदा हीर पैलेस जो कभी सिंगल स्क्रीन थियेटर हुआ करता था, अब एक शानदार तीन स्क्रीन मल्टीप्लेक्स में बदल चुका है। इसमें एक पुराने मूवी थियेटर के माहौल को बनाए रखते हुए एक आधुनिक मनोरंजन केंद्र की सभी सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। एनवाई सिनेमा की वास्तुकला शहर की सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक स्थलों की प्रचुरता से प्रेरित थी, जैसा की यह इमारत के आगे वाले हिस्से से और तब जब आप सिनेमाघर के अंदर होते हैं ,उससे भी स्पष्ट होता है।पूरे थिएटर को दो स्तरों में बांटा गया है, जिसमें लगभग 700 लोगों के बैठने की क्षमता है और प्रत्येक स्तर पर जलपान बूथ दिए गये हैं। थिएटर को 3डी स्क्रीन और बेहतरीन आलीशान सीटों के साथ सुसज्जित किया गया है। इस मल्टीप्लेक्स में डॉल्बी एटमॉस सराउंड साउंड सिस्टम के साथ एक स्क्रीन भी दी गई है, जो शीर्ष स्तरीय ऑडियो गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ इसके दर्शकों के फिल्म देखने के समग्र अनुभव को बढ़ाता है। अजय देवगन के शब्दों में मैं समाज के उन सभी वर्गों के लोगों को एक साथ लाना चाहता हूँ जहां कोई भी अकेला महसूस ना करे। यह विशुद्ध रूप से जुनून और सिनेमा के प्यार के लिए है। इसे ब्रांड विचारधारा के रूप में रखते हुए, एनवाई सिनेमा की स्थापना की गई, जिसके शुरुआती अक्षर श्री अजय देवगन के बच्चों के नाम, न्यासा और युग से लिए गए थे, जो व्यवसाय के मूल तत्त्वज्ञान को दर्शाता है, जो शुद्ध प्रेम में निहित है।एनवाई सिनेमा पहले से ही 11 शहरों में अपना परिचालन कर रहा है और कानपुर को उत्तर प्रदेश राज्य में अपना पांचवां शहर बना रहा है। एनवाई सिनेमाज के सीईओ राजीव शर्मा ने कहा, कानपुर उत्तर प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण शहरों में से एक है।

# सवारियों से भरा ऑटो पलटा, पांच घायल






**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। थाना परिक्षेत्र के वीरपुर गांव के पास कानपुर से वापस आ रही आटो ने अपना नियंत्रण खो दिया अनियत्रित आटो पास की खाई में जा गिरी जिससे हादसे में आटो सवार आधा दर्जन सवारिया घायल हो गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायलों को बाहर निकाल एंबुलेंश की सहायता से प्राथमिक उपचार हेतु घाटमपुर सीएचसी भिजवाया आटो में निम्न लोग थे सवार प्रिंस उम्र 19 वर्ष पुत्र संतोष कुमार निवासी भैरमपुर, सुनीता सिंह उम्र45 पत्नी स्वर्गीय शिवराज सिंह निवासी गुजेला, मोनिका देवी उम्र 28 वर्ष पत्नी जितेंद्र, अरमापुर विशंभर सिंह उम्र 63 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री राम दिन पाल निवासी चिल्ली मिरानपुर, और सूखापुर के सुखवासी सिंह उम्र 60 वर्ष घायल हो गए। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया,जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## कोर्ट की सुरक्षा को लेकर वकीलों ने की नारेबाजी,सौंपा ज्ञापन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।लखनऊ में न्यायालय परिसर में हुई कुख्यात बदमाश जीवा की हत्या के मामले में न्यायालय परिसर की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए है। न्यायालय परिसर की सुरक्षा को लेकर अधिवक्ताओं ने गुरुवार को डीएम कार्यालय आकर नारेबाजी की। वकीलों ने डीएम कार्यालय में सीएम को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ाने और वकीलों की सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की गई। दि लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा व महामंत्री शरद कुमार शुक्ला ने कहा कि वकीलों की सुरक्षा बढ़ाए जाने संबंधी ज्ञापन लगातार दिए जा रहे है। शासन व प्रशासन इन पर ध्यान नहीं दे रहा है।

# पीड़ित ने लगाई प्रशासन से न्याय की गुहार




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । चुन्नी गंज बस स्टैंड स्थित भदोरिया जलपान गृह को रात्रि के समय बंद करके जाने के बाद दुकान की छत तोड़े जाने को लेकर प्रार्थी नारायण सिंह परिहार ने प्रेस क्लब में वार्ता कर पत्रकारों को नारायण सिंह परिहार ने बताया मेरी दुकान नारायण जलपान एवं स्वीट हाउस जो कि चुन्नीगंज बस स्टैंड के बगल में है जो विवेक सिनेमा बिल्डिंग में आती है प्रतिदिन की तरह मैं अपने दुकान को बंद करके तकरीबन रात्रि 12-30 बजे घर गया मेरे जाने के बाद रात को मेरे दुकान की छत में होल करके सारा मलवा मेरे दुकान में डाल दिया तथा इसी के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी का डीवीआर निकालने के बाद उसमें लूटपाट भी की गई जिसमें बिल्डिंग को तोड़ने का ठेकेदार नवीन सिंह और उसके साथी शामिल है उसके कहने पर इस तरह का काम किया गया है मेरी दुकान जिस बिल्डिंग में है वह पंडित दीनदयाल शिक्षा समिति स्मारक ट्रस्ट में आती है जिसकी मुख्य सर्वे सर्वा नीतू सिंह है जिन्होंने मुझसे बोला है कि आने वाली 14 तारीख को अपनी दुकान खाली कर देना और तारीख आने से पहले ही मेरी दुकान तोड़ डाली गई है तथा बताया कि मैं सभी के पास अपने गुहार लगा चुका हूं लेकिन मेरी कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई है इन लोगों का बहुत दबदबा है जिसके कारण कोई मेरी बात को सुनने को तैयार नहीं है और मेरा बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है तथा मुझे धमकाया भी जाता है कि अगर तुम ज्यादा बोलोगे तो मैं तुम्हारे ऊपर फर्जी मुकदमे लगवा दूंगा और तुम कुछ भी नहीं कर पाओगे तथा शासन प्रशासन मेरी जेब में रहता है और यह बात सत्य भी है क्योंकि मैं देख भी चुका हूं उनके दबदबे को। पीड़ित नारायण सिंह परिहार स्/ह जागन सिंह परिहार निवासी पुराना कानपुर मोबाइल नंबर 99352 02770 है।

# गर्मियों में हरे पत्ते वाली सब्जियों का सलाद जरूर खाएं : डॉ. निमिषा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉक्टर निमिषा अवस्थी ने गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए लें ऐसा आहार नामक एडवाइजरी जारी की है।

उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में एक सामान्य व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम साढ़े तीन लीटर पानी पीना चाहिए। डॉक्टर अवस्थी ने बताया कि मौसमी फलों और सब्ज़ियों में सभी पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते है। जिससे स्वाद बेहतर होता हैं इनमें सभी सूचहम एवं मुख्य पोषक तत्व होते हैं।

यह मौसमी फल और सब्जियां स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए अच्छी हैं।मूंग, मसूर और लोबिया (या चौलाई) जैसी दालें अन्य दालों की तुलना में गर्मियों में अधिक उपयुक्त होती हैं क्योंकि वे प्रकृति में ये अधिक ठंडी होती हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के ठंडे फल जो गर्मियों में शरीर को ठंडा करने में मदद करते हैं। इसमें आम, तरबूज, खरबूज, जामुन, लीची, संतरा, अमरूद, पपीता और केला शामिल हैं। इन सभी फलों में अच्छी मात्रा में पानी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। साथ ही डिहाइड्रेशन को भी रोकते हैं। नारियल पानी, आम पना , दही, लस्सी या छांछ यह गर्मी की एलर्जी से बचाव के लिए होते हैं। कच्चा सलाद इस मौसम में हरी पत्ते वाली सब्जियों का सलाद जरूर खाएं. नारंगी और हरे रंग की सब्जियों में कैरोटीनॉयड होता है जो बॉडी में विटामिन बनाने का काम करता है।

## कानपुर पंचायत के संयोजक विवि के सलाहकार हुए नामित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, ।कानपुर पंचायत के संयोजक धर्म प्रकाश गुप्ता को, उनकी ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अभिरूचि को देखते हुये छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक ने विश्वविद्यालय के डिपार्टमेण्ट आफ फाइन आर्ट्स के शैक्षिक उन्नयन तथा नूतन क्रियाकलापों के मार्गदर्शन हेतु सलाहकार नियुक्त किया है। धर्म प्रकाश गुप्ता द्वारा विभाग के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

# बहुत ज्यादा गर्म और बहुत ज्यादा ठंडे तापमान से ह्रदय संबंधी मौत का खतराः डॉ. अभिनीत

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गर्म मौसम में शरीर को अपने कोर (मुख्य) तापमान को सामान्य स्तर पर बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इस वजह से हृदय, फेफड़े और किडनी पर ज्यादा दबाव पड़ता है। रीजेंसी सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, कानपुर के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अभिनीत गुप्ता के अनुसार, अगर आपको हृदय से सम्बंधित कोई बीमारी है तो आपको गर्मी के मौसम में ज्यादा खतरा हो सकता है। इसलिए गर्मी या गर्म मौसम में ठंडा और हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी हो जाता है। दरअसल कई अध्ययनों में पाया गया है कि ज्यादा तापमान से हृदय के मरीजों में मृत्यु दर बढ़ती है। हृदय की बीमारी दुनिया भर में होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, कार्डियोवैस्कुलर (हृदय रोग) (सीवीडी) से होने वाली वैश्विक स्तर पर मौतें (दुनिया भर में मौत का प्रमुख कारण) 1990 में 12.1 मिलियन से 60 प्रतिशत बढ़कर 2021 में 20.5 मिलियन हो गई। नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज जैसी हृदय की बीमारियाँ भी भारत में एक बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है। हाल ही में सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि देश में नॉन कम्युनिकेबल बीमारियों के कारण होने वाली मौतों का अनुपात कम से कम 63 प्रतिशत तक बढ़ गया है। बहुत ज्यादा गर्म और बहुत ज्यादा ठंडे तापमान से हृदय संबंधी मौत का खतरा, इस्केमिक हृदय बीमारी, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर का ज्यादा खतरा होता है। एक अन्य रिसर्च से पता चला है कि उम्र के 60वें दशक में पुरुषों को सामान्य गर्मी की तुलना में ज्यादा गर्म मौसम होने पर कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से मरने का ज्यादा खतरा होता है। डॉ अभिनीत गुप्ता ने गर्मी का हृदय के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, यह समझना बहुत ही जरूरी है कि हृदय तापमान बहुत ज्यादा होने पर कैसे प्रतिक्रिया करता है। अत्यधिक गर्म दिनों में हृदय प्रमुख अंगों से रक्त को त्वचा के नीचे शिफ्ट करता है, जहां यह ठंडा होता है। इस दौरान पसीना भी आता है और इससे खून की मात्रा में कमी हो जाती है जिससे हृदय गति बढ़ जाती है। शरीर का मुख्य तापमान बढ़ने से मेटाबोलिक स्टेट (अवस्था) और ऑक्सीजन की खपत भी बढ़ती है।

# आज सभी देश भारत की ओर देख रहे हैं, हमारा दायित्व है कि हम युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाएं : आनंदीबेन

## विश्वविद्यालयों को उद्योगपतियों के साथ मिलकर एमओयू साइन करना चाहिए

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की क्षेत्रीय केंद्र कानपुर भवन का उद्घाटन गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। राज्यपाल के साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, पहले जो हम पढ़ते थे आगे चलकर शिक्षक बनकर हम वही पढ़ाते थे,लेकिन शिक्षा में बदलाव बहुत जरूरी है। हम लोग विश्वविद्यालय के माध्यम से ही सारी समस्याओं को हल करते हैं। यहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थी नई टेक्नीक,नए स्टार्टअप सीखते हैं और फिर लोगों की समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं। भारत किसी भी क्षेत्र में बिछड़ना नहीं चाहिए। आज सभी देश भारत की ओर देख रहे हैं। हमारा दायित्व है कि हम युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाएं ।उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि मिट्टी में भी समस्या हो सकती है, मगर मिट्टी को सशक्त करने की आज जरूरत है। यह सब हम लोगों को मिलकर करना है। विश्वविद्यालय के साथ मिलकर मिट्टी का प्रशिक्षण किया जा रहा है। ताकि किसानों की समस्याओं को हल किया जा सके।

**तीन जेल में कंप्यूटर की व्यवस्था कराई**

राज्यपाल ने कहा कि जी-20 पर आज विभिन्न प्रदेशों में चर्चाएं हो रही हैं। हाल ही में काशी में 25 से अधिक देशों के लोग बैठक में शामिल थे और उसमें चर्चा इस बात की हो रही थी कि टीबी को मुक्त करने के लिए भारत में क्या-क्या काम किए गए और कैसे किए गए। इस योजना की सभी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने भी देश में इसको लागू करेंगे। प्रदेश में कई ऐसे जेल हैं जहां पर निरीक्षण के दौरान मैंने पढ़ाई होते देखा है। वहां पढ़ने वाले लोगों में रुचि देखी है, जिसके चलते मैंने तीन जेल में कंप्यूटर की व्यवस्था कराई है,ताकि यह बच्चे जब बाहर निकले तो किसी रोजगार में लगे।

विश्वविद्यालयों को कानपुर और आसपास की इंडस्ट्री के उद्योगपतियों के साथ मिलकर एमओयू साइन करना चाहिए और फिर बच्चों को वहां पर प्रशिक्षण देना चाहिए। इससे उद्योग भी बढेगा और उनको एक प्रशिक्षित वर्कर भी मिलेंगे।

## सांसद ने 131 एएनएम को बांटे नियुक्ति पत्र

कानपुर। सांसद सत्यदेव पचौरी ने शुक्रवार को उर्सला के सभागार में स्वास्थ्य विभाग में चयनित 131 नई एएनएम को नियुक्ति पत्र सौंपा। उर्सला अस्पताल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले तो सांसद श्री पचौरी, चिकित्सा अधिकारियों और एएनएम ने लखनऊ के आयोजन की वीडियो देखी। इसके बाद सभी नई एएनएम को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान एएनएम बोली ,सरकार ने उनकी सुन ली और चयनित होते ही नियुक्ति भी दे दी। इस मौके पर सांसद श्री पचौरी ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार में लोगों के काम प्राथमिकता पर हो रहे है। चयन होते ही नियुक्ति भी दे दी जा रही है। इस मौके पर सीएमओ डॉ आलोक रंजन और उर्सला के निदेशक डॉ सुनील प्रकाश भी मौजूद रहे।

# हत्याकर नदी के किनारे खेत में फेंका युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर। पतारा क्षेत्र के तरगांव गांव स्थित नोन नदी के किनारे खेत मे एक एक युवक का शव हत्या कर हत्यारे फेंक कर भाग गए। ग्रामीणों ने नदी किनारे युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास जारी है। युवक के शरीर मे चोट के निशान के साथ प्राइवेट पार्ट कटा हुआ मिला है। पुलिस प्रेम प्रसंग मे हत्या की आशंका जता रही है। तरगांव गांव के किनारे स्थित नोन नदी के पास हत्यारो ने हत्या कर युवक का शव तरगांव गांव निवासी नीलम यादव के खेत मे फेंककर भाग निकले। ग्रामीणों ने सुबह युवक का शव खेत मे पड़ा देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस युवक के शव को शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने युवक के शव की फोटो असपास थाने मे भेजी है।

पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया है। युवक के शरीर मे चोट के निशान मिले है, जिससे लग रहा है, की युवक ने खुद को बचाने का प्रयास किया होगा। युवक का प्राइवेट पार्ट कटा मिला है, जिससे पुलिस आशनाई मे हत्या की आशंका जता रही है। जानकारी मिलते आसपास ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। घाटमपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने बताया कि जानकारी मिली है। घटना की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आशनाई का लग रहा है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है ।पुलिस को युवक के शव के पास से चाकू ,एक देशी शराब का पौवा, दो गिलास भी पड़े मिले है, पुलिस अनुमान लगा रही है की हत्यारों ने युवक को शराब पिलाई होंगी बाद मे युवक हत्या की होगी जिसके बाद हत्यारे युवक के शव को छोड़कर मौके से भाग निकले हैं।

# निवेश मित्र पोर्टल देगा वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक क्षेत्र के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंसः मयूर माहेश्वरी




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। प्रदेश राज्य में लागू नवीन वेयरहाउसिंग एंड लोजिस्टिक्स पालिसी से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने तथा इस नीति से होने वाले लाभों पर प्रकाश डालने साथ ही इस क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कारकों पर चर्चा करने हेतु सीआईआई ने उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहयोग से यू.पी. वेयरहाउसिंग एंड लोजिस्टिक्स समिट 2023 का आयोजन किया। इस यू.पी. स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सी.ई.ओ मयूर माहेश्वरी ने उल्लेख किया कि हाल ही में संपन्न ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत यू.पी. में वेयरहाउस एवं लॉजिस्टिक सेक्टर को प्राप्त कुल एम्.ओ.यू के 10त्न के बराबर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है । उन्होंने कहा कि यू.पी. में एक्सप्रेस-वे के आसपास के क्षेत्र को वेयरहाउस एवं लोजिस्टिक्स हब के रूम में विकसित किया जायेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गौतम बुद्ध नगर के दादरी क्षेत्र में 800 एकड़ का मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब बनाया गया है जिसमे जल, भूमि और वायु तीनों संचार माध्यम शामिल हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि निवेश मित्र पोर्टल पर वेयरहाउस एवं लोजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली उपलब्ध है ।उद्द्योग जगत से सम्बंधित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सी.आई.आई. यू.पी. राज्य परिषद के अध्यक्ष एवं निदेशक शुभम गोल्डी मसले प्राइवेट लिमिटेड आकाश गोयनका ने कहा कि ई-कॉमर्स तथा व्यापार प्रौद्योगिकी में हुए विकास तथा मेक इन इंडिया पहल के फल स्वरुप वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक क्षेत्र को विशेष महत्व मिला है। वैश्वीकरण एवं उदारीकरण के आज के इस युग में वस्तुओं एवं सेवाओं की सीमा पार आवाजाही कई गुना बढ़ गई है जिसके कारण एडवांस वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम आज उद्द्योग जगत के लिए समय की मांग बन गया है। स्मिता अग्रवाल उपाध्यक्ष निदेशक व सीएफओ पी.टी.सी. इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विक्रम जयसिंघानी प्रबंध निदेशक तथा मुख्य कार्यकारणी अधिकारी, अडानी लोजिस्टिक्स लिमिटेड ने प्रदेश में तीस हज़ार क्षेत्र पर वेयरहाउसिंग एवं लोजिस्टिक्स सेटअप लगाने का प्लान है।

## गंगा टास्क फोर्स ने विश्व महासागर मनाया दिवस

कानपुर ।भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने ग्राम निबई विकासखंड सिकंदरपुर करण जिला उन्नाव में विश्व महासागर दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमारी रितु पांडे (ग्राम प्रधान) रजवा पांडे उपस्थित रहे,इस अवसर पर ग्राम वासियों को एकत्रित करके नायब सूबेदार दल बहादुर बस्नेत ने लोगों को विश्व महासागर दिवस के बारे में बताया,इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महासागरों के महत्व और समुद्री संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है महासागर हमारे पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करता है ।गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाट पेट्रोल, जारुकता अभियान निरंतर कर रही है, इस अवसर पर ग्राम निबई के 67 महिलाएं एवं पुरुष और गंगा टास्क फोर्स के नायब सुबेदार दल बहादुर बस्नेत एवं 07 जवान उपस्थित रहे।

# पनकी में कार शोरूम को चोरों ने निशाना बनाया, तिजोरी तोड़कर 1.80 लाख रुपए किये चोरी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में शातिर चोरों ने रूमा के टोयटा कार शोरूम से 60 लाख की चोरी के बाद पनकी में एक कार शोरूम को निशाना बनाया। यहां तिजोरी तोड़कर 1.80 लाख रुपए चोरी किया है। पनकी पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके चोरों की तलाश में लगी है।एसीपी पनकी निशंक शर्मा ने बताया कि पनकी में कार का शोरूम है। शोरूम के मैनेजर अनिमेष भारद्वाज ने बताया कि रविवार को कैश काउंटर से 1.80 लाख रुपए चोरी हो गया था। मामले की जांच की गई तो सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि देर रात बाउंड्री फांदकर दो चोर शोरूम परिसर में दाखिल हुए थे। इसके बाद शोरूम का शीशा तोड़कर भीतर घुसे और 1.80 लाख रुपए चोरी कर लिया था।मामले की जानकारी मिलने पर पनकी थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची थी। लेकिन जांच के दौरान कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिससे चोरों की शिनाख्त की जा सके। पनकी थाने में चोरी की एफआईआर दर्ज करके शातिर चोरों की तलाश में पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है। जल्द ही शोरूम को निशाना बनाने वाले चोरों के गैंग का खुलासा करके चोरों को जेल भेजा जाएगा।चोरी का पैटर्न दोनों शोरूम में एक ही निकलामहाराजपुर के टोयोटा शोरूम में 60 लाख की चोरी करने वाले और पनकी में कार के शोरूम में चोरी करने वाला गैंग पुलिस की प्राथमिक जांच

# युवक और महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्याणपुर के बैरीखेड़ा निवासी राहुल गुप्ता (36) एक ट्रैवल एजेंसी की कार चलाते थे। छोटा भाई आर्यन और परिजन साहब नगर में रहते हैं जबकि राहुल पांच साल से किराए पर अलग रहता था। गुरुवार देर रात उसने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक की सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे। छोटे भाई आर्यन ने बताया कि राहुल नशे के लती थे। वहीं बर्रा-आठ वरुण विहार निवासी मुकेश सिंह सेंगर की पत्नी गुड्डी सिंह (45) ने पारिवारिक कलह के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुड्डी के दो बेटे शिवम और सौरभ हैं। महिला का शव देखकर स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# महासंपर्क अभियान में अकबरपुर लोकसभा में हुआ सोशल मीडिया इनफ्लुएंजा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को लोकसभा अकबरपुर का सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सम्मेलन द्विवेदी लॉन कल्याणपुर न्यू शिवली रोड में संपन्न हुआ।


सम्मेलन में लोकसभा अकबरपुर के अंतर्गत आने वाली अकबरपुर रनिया बिठूर घाटमपुर कल्याणपुर एवं महाराजपुर विधानसभा से आए हुए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों ने भाग लिया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री मोदी के देशव्यापी अभियान में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का अपना एक अलग योगदान है। सोशल मीडिया का उपयोग करके प्रधानमंत्री जी द्वारा क्रियान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाएं हम जन जन तक पहुंचाते हैं आज दुनिया भर में मोदी जी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है विपक्षी पार्टियां मोदी जी का विरोध करते करते अब देश का भी विरोध करने लगे हैं ।

सोशल मीडिया सकारात्मक भूमिका अदा करता है जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह और देश आदि को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया के जरिए ऐसे कई विकासात्मक कार्य हुए हैं जिनसे कि लोकतंत्र को समृद्ध बनाने का काम हुआ है जिससे किसी भी देश की एकता, अखंडता, पंथनिरपेक्षता, समाजवादी गुणों में अभिवृद्धि हुई है।2014 के आम चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियों ने जमकर सोशल मीडिया का उपयोग कर आमजन को चुनाव के जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इस आम चुनाव में सोशल मीडिया के उपयोग से वोटिंग प्रतिशत बढ़ा, साथ ही साथ युवाओं में चुनाव के प्रति जागरूकता बढ़ी। सोशल मीडिया के माध्यम से ही न्याय दिलाने के लिए विशाल संख्या में युवा सड़कों पर आ गए।लोकप्रियता के प्रसार में सोशल मीडिया एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, जहां व्यक्ति स्वयं को अथवा अपने किसी उत्पाद को ज्यादा लोकप्रिय बना सकता है। आज फिल्मों के ट्रेलर, टीवी प्रोग्राम का प्रसारण भी सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। वीडियो तथा ऑडियो चैट भी सोशल मीडिया के माध्यम से सुगम हो पाई है जिनमें फेसबुक, व्हॉट्सऐप, इंस्टाग्राम कुछ प्रमुख प्लेटफॉर्म हैं।जनमत संग्रह के पारंपरिक तरीकों की तुलना में सोशल मीडिया कम मानवीय प्रयास के साथ समय और लागत प्रभावी डेटा संग्रह और विश्लेषण का अवसर देता है। डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक प्रभावी ताकत बन गए हैं जो हजारों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सक्षम शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों तक शिक्षा का महत्व पहुंचा है सोशल मीडिया विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हैं कई लोगों पर एक गाइड और मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं इससे निश्चित ही लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है समाज नई दिशा की तरफ बढ़ रहा है जो बहुत ही सकारात्मक है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया विजन को देश के जन-जन तक पहुंचाने के लिए आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है आज ईवीएम पर निशाना साधने वाले लोग यह भूल गए कि देश की आजादी के बाद जब देश में प्रधानमंत्री बनने का क्रम शुरू हुआ उस समय 15 राज्यों के प्रतिनिधि सरदार वल्लभ भाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाना चाहते थे जिसमें 13 राज्यों के प्रतिनिधि सरदार पटेल के पक्ष में थे एक राज्य में असहमति दर्ज की थी एवं एक राज्य के प्रतिनिधि पंडित नेहरू का नाम रखा था लेकिन उस समय एक प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तावित पंडित नेहरू को देश का प्रधानमंत्री बनाया गया था सही मायने में ईवीएम तो तब हैक थी ।

लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि आज विश्व भर में सोशल मीडिया का प्रसार हुआ है जिसने भारत में भी सोशल मीडिया के प्रभाव से विभिन्न प्रकार के आयोजन एवं कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं कोरोना कालखंड में सोशल मीडिया (जूम अप्प) के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की बैठकर कर चिंता भी करता रहा है ।सम्मेलन में मुख्य रूप से क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी कानपुर ग्रामीण के जिला प्रभारी आनंद सिंह विधायक नीलिमा कटियार ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई अनुपम अवस्थी आदि लोग रहे।

# प्रचण्ड गर्मी के चलते तरणताल चालू न किए जाने पर विधायक ने जल प्रवास कर जताया विरोध

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। वास शब्द के अर्थ को स्पष्ट करने वाले प्रवास का उपयोग तो आपने कई बार सुना होगा, लेकिन कानपुर में एक विधायक जल प्रवास पर चले गए और उन्होंने यह संकल्प लिया है कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा वह जल प्रवास पर रहेंगे दरअसल लंबी चौड़ी लागत से बना तरणताल चालू ना होने से विधायक इतना खफा हुए कि वह अनिश्चितकाल के लिए जल प्रवास पर चले गए। नवनिर्मित एवं भव्य तरणताल मे लहर मारता पारदर्शी पानी और उस पर जल क्रीड़ा करते हुए यह शख्स कोई कुशल तैराक नहीं है और ना ही तैराकी सीखने वाले कोई कोई खेल प्रेमी बल्कि यह कानपुर की आर्यनगर विधानसभा के समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई है,विधायक अमिताभ बाजपेई कोई सौखिया जल क्रीड़ा नहीं कर रहे बल्कि जल प्रवास कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं दरअसल कानपुर के ऐतिहासिक नाना राव पार्क में पुराने तरणताल को तोड़कर करीब 14 करोड़ की लागत से तरणताल दोबारा बनाया गया था स्मार्ट सिटी के बजट से बने तरणताल का 2 माह पूर्व सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने उदघाटन भी कर दिया लेकिन इतनी समय अवधि बीत जाने के बाद भी जब तरणताल नहीं चला तो विधायक ने पहले तो अधिकारियों से संपर्क साधा बात नहीं बनी तो विरोध प्रदर्शन किया टाला मटोली के बाद जब कोई रास्ता नहीं मिला तो विधायक अमिताभ बाजपेई ने अनिश्चित काल के लिए जल प्रवास में जाने का संकल्प ले डाला आसपास बैठे उनके समर्थक , समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और कानपुर नगर निगम के पार्षद हैं जो मुख्यमंत्री के सम्मान में विधायक जी मैदान में जैसी नारेबाजी करते नजर आये विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि जब तक तरणताल चालू नहीं होगा वह जल प्रवास पर रहेंगे।

# उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उपाध्यक्ष, केडीए अरविन्द सिंह को दिया गया प्रशस्ति-पत्र

कानपुर। आम जनमानस के दृष्टिगत कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्माण विकास हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सराहनीय प्रदर्शन के लिये उपाध्यक्ष महोदय को किया गया सम्मानित।

विदित हो कि उत्तर प्रदेश शासन के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद् द्वारा पिछले 01 वर्ष के कार्यो के सापेक्ष दि0 07 व 08, जून 2023 को कृत दो दिवसीय गहन समीक्षा के पश्चात् अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा उपाध्यक्ष महोदय को दिया गया प्रशस्ति-पत्र। यह समीक्षा बैठक लखनऊ में सम्पादित हुई जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष तथा आवास एवं विकास परिषद् के आयुक्त द्वारा प्रतिभाग किया गया।अपर मुख्य सचिव द्वारा कानपुर शहर के आम जनमानस के हित में उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अत्यन्त निष्ठा एवं लगन से किये जा रहे कार्य हेतु उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी एवं लिखित रूप से प्रशस्ति-

# दिल्ली में चोरी करके भागे दो शातिर चोर क्राइम ब्रांच ने दबोचे, माल बरामद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिल्ली के महरौली क्षेत्र में एक फ्लैट के ताले चटका कर वहां से ज्वेलरी चुराकर भाग निकले दोनों शातिर चोरों को पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने थाना चकेरी क्षेत्र से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के पास से दिल्ली में चोरी किया गया माल बरामद हुआ है।

अपराध शाखा कमिश्नरेट व थाना चकेरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए। दोनों सदस्यों ने 06 जून को दिल्ली के महरौली क्षेत्र में सनातन सिंह के फ्लैट के ताले चटका कर ज्वेलरी पार कर दी थी। सटीक सूचना पर अपराध शाखा कमिश्नरेट व थाना चकेरी पुलिस के संयुक्त आपरेशन से पकड़े गए चोरो के गिरोह से दो अभियुक्तों की पहचान पंकज गुप्ता उर्फ रामकिशोर पुत्र नेमचन्द्र गुप्ता नि0 नियर राधा कृष्ण मंदिर चैक, पोस्ट जाजमऊ थाना जाजमऊ, फारुक उर्फ चुनमुन पुत्र कमाल खान उर्फ मुन्ना नि0 जाजमऊ को मुखबिर की सूचना पर सतर्कता बरतते हुये घेराबन्दी करके गिरफ्तार कर थाना चकेरी कमिश्नरेट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# सपाइयों ने लोहियावादी नेता को दी श्रद्धांजलि




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण कार्यालय नवीन मार्केट के तत्वावधान में लोहियावादी समाजवादी चिन्तक समाजवादी के वरिष्ठ नेता स्व. प्यारे लाल गुप्ता के निधन पर श्रद्धाजंलि सभा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला (पूर्व विधायक) व संचालन जितेन्द्र कटियार ने किया। वह लोहिया, जयप्रकाश के आदर्शों पर चलने वाले सादगीपूर्ण जीवन बिताने वाले कानपुर महानगर में समय-समय पर शोस्लिष्टों का नेतृत्व करने वाले एवं समर्पित भावना से काम किया और कई बार जेल यातनाएं भी सहीं। प्यारे लाल गुप्ता कानपुर महानगर प्रजा सोशलिष्ट पार्टी, सोशलिष्ट पार्टी ,लोकदल व समाजवादी पार्टी के प्रखर विचारक और आखिरी स्तम्भ थे जो अब हमारे बीच में नही रहे हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला, शाकिर अली उस्मानी,अनिल सोनकर,इम्तियाज कुरैशी,सुनील कुमार बबलू,रियाज राजू, नसीम रजा, नितिन गुप्ता,शोभित तिवारी आदि रहे।

# केडीए की न्यू कानपुर सिटी एवं बिनगवॉ योजना को मन्जूरी

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित 02 महत्वपूर्ण योजनाओं न्यू कानपुर सिटी एवं बिनगवॉ हेतु अथक प्रयासों के उपरान्त कानपुर विकास प्राधिकरण को ग्राण्ट/फण्डिंग प्रदान किये जाने पर व्यक्त की गयी सैद्धान्तिक सहमति।

कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गत डेढ़ से दो वर्षो में कानपुर नगर हेतु न्यू कानपुर सिटी योजना एवं बिनगवां आवासीय योजना के लिए भू-अर्जन आदि की कार्यवाही की जा रही है जिसके फलस्वरूप उक्त योजनाएँ अपने अन्तिम चरण में हैं। इन योजनाओं हेतु आवश्यक भूमि क्रय किये जाने में व्यापक मात्रा में धनराशि की आवश्यकता होगी, श्री अरविन्द सिंह उपाध्यक्ष द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के ऊपर वित्तीय भार कम करने के उद्देश्य से शासन द्वारा आंशिक फण्डिंग किये जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था।

श्री अरविन्द सिंह, उपाध्यक्ष द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा दिनांक 07 व 08, जून 2023 को सम्पन्न दो दिवसीय बैठक में अपर मुख्य सचिव महोदय, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समक्ष इस सम्बन्ध में एक प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया गया। श्री अरविन्द सिंह, उपाध्यक्ष के प्रस्तुतीकरण के क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा सैद्धान्तिक रूप से उक्त दोनों योजनाओं हेतु आंशिक फण्डिंग/ग्राण्ट दिये जाने हेतु प्रदान की गयी सहमति। उल्लेखनीय है कि कानपुर विकास प्राधिकरण के गत 20-25 वर्षो के इतिहास में प्राधिकरण की किसी योजना हेतु प्रथम बार आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा उपाध्यक्ष श्री अरविन्द सिंह के नेतृत्व में तैयार करायी गयी/प्रस्तावित योजनाओं हेतु फण्डिंग किये जाने पर व्यक्त की गयी है सैद्धान्तिक सहमति कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अन्तिम रिपोर्ट प्रेषण के उपरान्त आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा इस प्रस्ताव को कैबिनेट के समक्ष रखे जाने का विचार स्थिर किया गया है । शासन से फण्डिंग प्राप्त होने से कानपुर विकास प्राधिकरण को अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन में गति मिलेगी, जिसका लाभ नि:सन्देह कानपुर नगर की आम-जनता को भी प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होगा।

# महिला ने लगाई शासन प्रशासन से न्याय की गुहार

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। बेसहारा लड़कियों के लिए यह समाज असुरक्षित होता जा रहा है। उन्हें यह पहचान कर पाना मुश्किल हो जाता है कि कौन उनका हितैषी है और कौन दुश्मन ।आज के दौर में लड़कियों को भी अपने पैरों पर खड़ा होना पड़ता है। अगर सही ठिकाना मिला तो जीवन सफल अन्यथा जीवन नर्क बन जाता है। कानपुर प्रेसक्लब में कुछ इसीप्रकार की लड़की प्रेस वार्ता के लिए आई। उसने बताया कि फेसबुक पर 6 महीने पहले शारदानगर निवासी व हैलट स्थित सिंह एक्सरे और मेडिकल स्टोर के मालिक रोहित सिंह से मुलाकात हुई थी। वे लड़की को मैसेज आदि भेजने लगे। जब उन्हें पता चला कि वह नौकरी की तलाश में है तो उन्होंने अपने एक्सरे व मेडिकल स्टोर पर जॉब देने व बीसहज़ार मासिक वेतन देने का लालच देकर इंटरव्यू के लिए 26 फरवरी 23 को विजय नगर बुलाया। वहां से अपनी कार से पनकी स्थित राहुल रेस्टोरेंट ले गए। गाड़ी में इनका साला मुकेश सिंह व एक और व्यक्ति था।लौटते समय रोहित ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया जिससे उसे बेहोशी छाने लगी।एक अंजान जगह लेजाकर रोहित ने शरीरिक दोहन किया, उसके बाद शेष दोनों ने भी वही क्रिया दोहराई। उन लोगों ने वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी दे रहे हैं और कहते हैं किसी के सामने मुंह खोला तो मार दी जाओगी।लड़की डर कर पुलिस के पास गई तो वह समझौते का दबाव डालने लगते हैं । बाद में कमिश्नर से मिली तो उनके आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन आज 20 दिनों से अधिक का समय हो गया पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। वे लोग रसूख वाले लोग हैं इसलिए पुलिस को साध लिया है जिससे वह आरोपियों को खुला छोड़ रखा है समाज में कुकृत्य करने के लिए। देखो इस लड़की का भी क्या होता है।

# राष्ट्र निर्माण हेतु विहिप कार्यकर्ता करेंगे दस दिवसीय साधन

कानपुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में चल रहे विश्व हिन्दू परिषद् के कानपुर प्रान्त एवम अवध प्रान्त के संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग (08 से 18 जून) के उद्घाटन सत्र का श्रीगणेश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महामंत्री एवं विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपतराय, विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, वर्गाधिकारी राजदेव ने श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन कर किया।श्री चंपतराय ने आए हुए शिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि राष्ट्रनिर्माण के लिए सशक्त संस्कारित समाज का निर्माण आवश्यक है, युवा बौद्धिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ सशक्त होंगे, तो उनकी संस्कारित ऊर्जा राष्ट्रनिर्माण को और गति देगी। विश्व हिन्दू परिषद् पूरे भारतवर्ष में दस दिवसीय परिषद शिक्षा वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं का बौद्धिक तथा शारीरिक प्रशिक्षण प्रत्येक वर्ष करता है, ताकि नए कार्यकर्ताओं में समरसता समानता बंधुत्व साहचर्य संस्कार संस्कृति की समझ एवम भाव उत्पन्न हो साथ ही वह इन सद्गुणों का प्रसार समाज में व्यापक रूप से कर भारतवर्ष के पुन: विश्वगुरु बनने के मार्ग को प्रशस्त करें।इसी उद्देश्य हेतु दस दिवसीय साधना कार्यकर्ता भगिनी बन्धु करेंगे।

# शहरवासियों को अब सुगम पेयजल की आपूर्ति

कानपुर। श्री शिवशरनप्पा जी0एन0 नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग, नगर निगम, कानपुर स्थित आटोमाईजेशन सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे पाया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत 160 नलकूपों मे से 120 नलकूपों के आटोमाईजेशन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। शेष नलकूपों के आटोमाईजेशन का कार्य 10 दिवस के अन्दर पूर्ण करा लिया जायेगा। नलकूपों के आटोमाईजेशन का कार्य हो जाने के कारण प्रतिवर्ष लगभग रू0-36.00 लाख का व्ययभार कम होगा। इसके अतिरिक्त 120 कर्मचारियों का व्ययभार भी कम होगा। आटोमाईजेशन एक प्रकार का साफ्टवेयर है, जिसके माध्यम से एक साथ सभी नलकूपों को एक ही जगह से चलाया जाता है तथा नलकूपों मे खराबी आदि की जानकारी भी प्राप्त हो जाती है एवं लीकेज की भी जानकारी तत्काल प्राप्त होने पर समयान्तर्गत नलकूपों/लीकजो के मरम्मत का कार्य कराया जा सके। नलकूपों के आटोमाईजेशन हो जाने से जनता को समयान्तर्गत पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। इसी प्रकार गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेन्ट प्लाण्ट तथा बेनाझाबर वाटर ट्रीटमेन्ट प्लाण्ट के आटोमाईजेशन का कार्य भी स्मार्ट सिटी के माध्यम से पूर्ण करा दिया गया है, ताकि कानपुर नगर की जनता को पर्याप्त मात्रा मे सुगमतापूवर्क पेयजल प्राप्त हो सके।

# दूसरी शादी के लिए बेटी का करवाया अपहरण, जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

कानपुर। कानपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पिता ने दूसरी शादी करने के लिए अपनी बेटी के अपहरण की कहानी रच दी और ससुराल वालों पर आरोप लगा दिया। महाराजपुर पुलिस ने जांच की तो मामला खुलकर सामने आया। पुलिस ने युवक के ससुराल वालों को उसकी बेटी के साथ बुलवाया है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ और ही कहानी बता रही है।मामला बदुआपुर फुफवार महाराजपुर का है यहां के निवासी सुशील कुमार पाल वर्तमान में घाऊखेड़ा चकेरी में रह रहे हैं। उसकी पत्नी पूनम का देहांत 15 फरवरी 2023 को हो गया था। परिवार में एक बेटी काव्या जिसकी उम्र 10 साल है। सुशील के मुताबिक 2 जून 2023 को उसकी परीक्षा खत्म होने के बाद वह उसे लेकर गांव चले गए थे।वहां पर 5 जून 2023 को बिंदकी निवासी सुरेश पाल, पुनीत समेत 8-9 लोग पहुंचे और मारपीट कर बेटी को उठा ले गए। पुश्तैनी संपत्ति बेचकर पचास लाख फिरौती मांगी। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात की पुष्टि हो रही है। हालांकि पुलिस अपहरण की बात से साफ इनकार कर रही है। सुशील के परिवार वालों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद सुशील कहीं और शादी करना चाहता था मगर ससुराल वालों ने उसे चेतावनी दी थी कि पहले बेटी के जीवनयापन की व्यवस्था करा दे फिर शादी करे। वहीं, सुशील के सालों ने बताया कि शादी समारोह में पूछकर काव्या को ले गए थे। बच्ची के साथ दोनों पक्षों को थाने बुलवाया गया है।एक तरफ जहां इतना कुछ हो गया वहीं दूसरी तरफ स्ह महाराजपुर योगेश सिंह ने बताया कि इस तरह की कोई घटना नहीं हुई।

# समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष घोषित



कानपुर। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा उ0प्र0 में संतकबीरनगर जिलाध्यक्ष सैय्यद फिरोज अशरफ, अम्बेडकरनगर जिलाध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, हाथरस जिलाध्यक्ष हाजी नबाव हसन अब्बासी, मथुरा महानगर अध्यक्ष हाफिज हारिश कुरैशी, लखनऊ जिलाध्यक्ष मोहम्मद हारून अजीज, अमेठी जिलाध्यक्ष मोहम्मद मुख्तार हलवाई, एटा जिलाध्यक्ष फईम उद्दीन वारसी, जालौन जिलाध्यक्ष मोहम्मद दानिश, सोनभद्र जिलाध्यक्ष फारूख अली जिलानी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष मोहम्मद साबिर कुरैशी, वाराणसी महानगर अध्यक्ष हैदर अब्बास 'गुड्डू', कौशाम्बी जिलाध्यक्ष मोहम्मद कासिम हुसैन, बाराबंकी जिलाध्यक्ष इन्तिखाब आलम अंसारी उर्फ नोमानी, बिजनौर जिलाध्यक्ष सोहेल आजम अंसारी, शाहजहॉपुर महानगर अध्यक्ष अनिल चन्द्र दास, कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी इखलाक मिर्जा, कानपुर ग्रामीण अध्यक्ष मोहम्मद मुकीम, औरैया जिलाध्यक्ष अम्मार अहमद सिद्दीकी जौनपुर जिलाध्यक्ष मोहम्मद अजमत अली खान, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष मोहम्मद खालिद रजा नामित किए गए है।


# भारतीय मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला



कानपुर। भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने मुख्यमंत्री के समक्ष संविदा कर्मियों, हड़ताली बिजली कर्मियों की बहाली एवं बर्खास्त 108, 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों की बहाली व रोडवेज कर्मियों की समस्याओं से अवगत करवाया एवं कई मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविदा कर्मियों की जल्द नियमावली बनाई जायेगी। इसके लिए प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही निलंबित बिजली कर्मियों की जल्द बहाली का आश्वासन दिया एवं कोरोना काल में हटाये गये 108, 102 एंबुलेंस कर्मचारियों को भी समायोजित कराने की बात कही। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने 18 जून को लखनऊ में रू-20 उद्घाटन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया जिस पर उन्होंने आने की संस्तुति दी। प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम, राष्ट्रीय मंत्री अशोक शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष विश्वेश्वर राय, प्रदेश संगठन मंत्री रामनिवास सिंह मौजदू रहे।

सुनील दत्त : कुछ अनकही

# समाज के सच की अनदेखी न करें निर्माता: सुनील दत्त



फिल्म मदर इंडिया में बिरजू की भूमिका से लेकर सुजाता, मिलन और गुमराह जैसी फिल्मों में एक्टिंग हो या फिर मुझे जीने दो का डाकू का दमदार किरदार- दिवंगत अभिनेता सुनील दत्त के जीवंत अभिनय को आज भी दर्शक भूले नहीं हैं।कहने को सुनील दत्त फिल्म मदर इंडिया के बैड ब्वाय थे। गुड ब्वाय की भूमिका राजेन्द्र कुमार के हिस्से में आई थी। पर मैंने जब भी मदर इंडिया देखी मुझे फिल्म का बैड ब्वाय यानी बिरजू ही अच्छा लगा। बेईमानी से हड़प ली गई जमीन और मां के सोने के कंगनों को पाने के लिए जिस जी-जान से वह गांव के महाजन यानी सुखी लाला से संघर्ष करता है वह देखने लायक है। इस संघर्ष के दौरान सुनील दत्त ने गुस्से की बेहतरीन भाव अभिव्यक्तियां दी हैं। मां के प्रति उनके प्यार और समर्पण के कई दृश्य तो आत्मा को छू लेते हैं। सुनील दत्त की इस छवि में बाद में सुजाता और मिलन जैसी अनगिनत फिल्मों की छवियां जुड़ती चली गईं। पर उनसे मुलाकात का मन तो मदर इंडिया की बिरजू वाली छवि ने ही बनाया। उनसे मुलाकात हुई 26 जनवरी 2001 को उनके बांद्रा पाली हिल स्थित ऑफिस में।

फिल्म, लिट्रेचर और म्यूजिक तीनों हमारे समाज को रिफ्लेक्ट करते हैं। जिस तरह का समाज होता है उस लिहाज से हर चीज बदलती रहती है। पहले हमारे यहां नेशनलिज्म था अब नेशनलिज्म रहा नहीं। अब तो ये हो गया है कि कहीं कम्युनलिज्म है, कहीं रीजनलिज्म है। वो जमाना अलग था। उस समय देश के किसी कोने में कोई समस्या होती थी तो हम समझते थे कि ये हमारी हिन्दुस्तान की समस्या है। हम फिल्मों के जरिये उस समस्या का हल तलाश करने की कोशिश करते थे।

### मुझे जीने दो में हिन्दू-मुस्लिम शादी दिखाई थी।

समाज ने उसे एक्सेप्ट भी किया था। उस जमाने में समाज एक अच्छे रास्ते पर चल रहा था। पॉलिटिशियंस ने तब उसका फायदा नहीं उठाया था। भोपाल में ये पिक्चर रिलीज हुई थी तो कुछ मौलवी लोगों ने बड़ा एजिटेट किया था। उन्होंने मुस्लिम स्टूडेंट्स को इस फिल्म के खिलाफ भड़काने की कोशिश की। उस जमाने में बुनियादी तौर पर समाज सुधार की फिल्में होती थीं। जैसे चोपड़ा साहब की फिल्में। उनकी एक पिक्चर थी साधना। उसमें यह लड़की तवायफ है। हीरो प्रोफेसर है। फिल्म के एक शॉट में हीरो की मां मर रही है। मां यह कहती है कि मैं मरने से पहले बहू को देखना चाहती हूं। एक तवायफ को लाते हैं, उस को सिखाया जाता है कि वह घर में ऐसे पेश आए जैसे असली बहू हो। मां उस बहू को स्वीकार कर लेती है। मां अच्छी होना शुरू हो जाती है। अब इनके लिए मुसीबत हो गई। ये लड़की से कहते हैं कि तुम अब जाओ। मां कहती है कि तुम लाओ मेरी बहू को। ये ड्रामा था। एक आर्थोडॉक्स मां उस तवायफ को स्वीकार कर लेती है। पिक्चर हिट थी वो। लेकिन ऐसे विषय को लेकर अब माहौल बदल गया है।

### मदर इंडिया से कैरियर ने एक नया मोड़ लिया था।

मदर इंडिया से बेहतर फिल्म तो मैंने देखी नहीं। जो 80 से 90 फीसदी लोगों की जिंदगी को रिप्रेजेंट करे और सुपर हिट हो। मदर इंडिया की रिलीज के बाद भारत सरकार बड़े सुधार लाई खेती के लिए, स्पेशल बैंक बने ताकि किसानों को लोन मिल जाए। अच्छे बीज आने शुरू हो गए। नहरें बननी शुरू हो गईं। तो ये सारी मूवमेंट फिल्म मदर इंडिया के बाद आई।

### मदर इंडिया की सबसे बड़ी ताकत लगी

मदर इंडिया के कई शॉट आज भी मेरे दिलो-दिमाग पर अंकित हैं। याद कीजिए जहां बिरजू (सुनील दत्त) कन्हैया लाल की बेटी को घोड़े पर लेकर भाग रहा है। मां उसे यह कहकर रोकने का प्रयास करती है कि बेटा, मैंने तुझे बड़ी मुश्किलों से जवान किया है। जब वह नहीं रुकता तो वह, %मैं बेटा दे सकती हूं पर लाज नहीं दे सकती% कहकर बेटे को गोली मार देती है। इसके बाद जहां मां-बेटे गले मिलते हैं, वहीं बिरजू के हाथों से मां के सोने के कंगन गिर रहे हैं। इस दृश्य को देखकर



यूं लगता है कि जैसे मां-बेटे ने अपने-अपने हक अदा कर दिए।

जिन लोगों के साथ मैंने काम किया उनमें पहले महबूब खान साहब थे। बिमल रॉय जी से मैंने बहुत कुछ सीखा है। विजुअल क्रिएट करने में उनका कोई जवाब नहीं था। इनकी वजह से ही मैं डॉयरेक्टर और प्रोड्यूसर बना। एक्टिंग और फिल्ममेकिंग के गुर मुझे महबूब साहब ने सिखाए। उनके साथ बैठ-बैठ करके फिल्म मेकिंग सीखी। वे पढ़े-लिखे नहीं थे लेकिन अभिनय की एक-एक चीज बारीकी से बताते थे।

### अभिनय में आंखों की भूमिका को कितना महत्वपूर्ण मानते थे

यह फिल्म पर डिपेंड करता है। दरअसल पढ़े-लिखे आदमी के एक्सप्रेशंस अंदर दबे हुए होते हैं। और जो अनपढ़ लड़का होगा उसका गुस्सा और प्यार दोनों उसके चेहरे पर होंगे। ठीक मदर इंडिया के बिरजू की तरह। पढ़ा-लिखा आदमी गुस्सा भी करेगा तो उसके बोलने का तरीका अलग होगा। उसके प्यार का स्टाइल भी बड़े मेच्योर टाइप का होगा। आंखों के इंप्रेशन का यह फर्क सुजाता और मदर इंडिया को देखते ही पता लग जाता है। ऐसे ही %ये रास्ते हैं प्यार के% देखें और फिर मदर इंडिया देखें तो आपको फर्क नजर आएगा। आंखों से आप हजारों चीजें एक्सप्रेस कर सकते हो।

### मुझे जीने दो में डकैत की भूमिका को जीवन्त तरीके से निभाया

जब हम मुझे जीने दो बना रहे थे तो मैंने सोचा, यार ये डाकू लोग इतनी दहशत पैदा कर देते हैं लोगों में। मैं उनके बारे में फिल्म बना रहा हूं। उन्हीं दिनों की बात है कुछ डाकुओं ने आचार्य विनोबा भावे के सामने सरेंडर किया



था। मैं स्पेशली उनसे मिलने गया। मुझे याद है मैंने वहां रुक्का डाकू को देखा था। रुक्का की आंखें ऐसी थीं जैसे कि चील की आंखें होती हैं। मैं उसकी आंखें बहुत देर तक देख नहीं सका। वो पांच फुट छह इंच का आदमी और हम छह फुट एक इंच के आदमी। मैंने देखा कि यार पावर क्या है, पावर तो आंखों में हैं। फिर मैंने डिसाइड किया कि मुझे जीने दो में आंखों का ही प्ले होगा। लोगों को बहुत पसंद आया।

### उस जमाने में भी फिल्मों में काले धन की समस्या थी ?

हमारे जमाने में भी बहुत थी। आजकल फिल्म बनाने में बहुत ज्यादा पैसे लगते हैं। उस जमाने में भी ब्लैक मनी थी। ब्लैक मनी कहां नहीं है। सिर्फ फिल्म लाइन में ही ब्लैक का धंधा नहीं है। दरअसल ये ऐसा प्रोफेशन है कि फिल्म वालों को कोई भी गाली दे सकता है। हमारे जमाने में भी जो अच्छे फिल्म मेकर थे वे फिल्में बनाते थे। वो लोग फिल्मों को फाइनेंस करते थे। आजकल हम आ गए हैं एस्केपिज्म में। हम रियलिटी से भाग रहे हैं। एक तरह का डर बैठ गया है फिल्मकारों के भीतर।

# बाहुबली बनाने के लिए एसएस राजमौली ने लिया था 400 करोड़ रुपए का लोन! चुकाने में लगे इतने साल





एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म बाहुबली ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े। फिल्म के दोनों पार्ट ब्लॉकबस्टर रहे। इस बीच खबर है कि फिल्म निर्माता ने फिल्म बनाने के लिए करोड़ों रुपए का लोन लिया था।

स्टारर फिल्म %बाहुबली के दो पार्ट आए बाहुबली और बाहुबली 2। ये दोनों पार्ट बलॉकबस्टर रहे जिसने देश में करोड़ों लोगों के दिलों पर राज किया। निर्देशक एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी इन दोनों फिल्मों का क्रेज अब तक लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। लेकिन इस बीच फिल्म को लेकर बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिसने फैंस को हैरान कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राजामौली ने करोड़ों रुपए का लोन लिया था।

जाहिर है कि फिल्म बाहुबली एसएस राजामौली की ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राजामौली ने 400 करोड़ रुपए का लोन लिया था। साथ ही दावा है कि उन्होंने यह लोन पूरे 24 फीसदी की ब्याज पर लिया था। दरअसल, फिल्म निर्माता ने इतने बड़े अमाउंट में लोन अपनी फिल्म %बाहुबली% के निर्माण को भव्य बनाने के लिए लिया था।

दावा यह भी है कि एसएस राजामौली को फिल्म के लिए गए इस लोन को चुकाने में साढ़े 5 साल लग गए थे। ऐसा साउथ फिल्मों के ट्रेड पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट मनोबाला विजयबालन ने ट्वीट के जरिए बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए खुद इस बात की जानकारी दी जिसने अब इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। इस दावे पर तरह-तरह की बातें होने लगी हैं।

ग्लूट.कॉम की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली को रामोजी राव ने फंड किया था। जबकि, फिल्म का दूसरा भाग पूरी तरह से फिल्म के ऑरिजनल प्रोड्यूसर शोभु यरलगदा और प्रसाद देवीनेनी ने इसे फंड किया था। ऐसे में हैरानी इस बात की है कि निर्देशक राजामौली भला 400 करोड़ रुपये का लोन क्यों लेंगे जबकि, वो इस फिल्म के सिर्फ निर्देशक थे।हालांकि इस लोन लेने वाली बात में कितनी सच्चाई है, यह पता नहीं चल सका है। इस बीच एसएस राजामौली ने अपनी अगली फिल्म एसएसएमबी 29 की तैयारी में जुट गए हैं। इस फिल्म में वह सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम करेंगे। इसस पहले राजामौली ने राम चरण और जूनियर एनटीआर के साथ आरआरआर बनाई थी। जिसने इतिहास रच दिया। फिल्म के गाने %नाटू-नाटू को ऑस्कर अवॉर्ड नवाजा गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राजामौली ने 400 करोड़ रुपए का लोन लिया था। साथ ही दावा है कि उन्होंने यह लोन पूरे 24 फीसदी की ब्याज पर लिया था। दरअसल, फिल्म निर्माता ने इतने बड़े अमाउंट में लोन अपनी फिल्म बाहुबली के निर्माण को भव्य बनाने के लिए लिया था। दावा यह भी है कि एसएस राजामौली को फिल्म के लिए गए इस लोन को चुकाने में साढ़े 5 साल लग गए थे।




# परवीन बॉबी की बायोपिक में दिखेंगी उर्वशी रौतेला

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला जल्द ही दिग्गज एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में नजर आएंगी। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने एक पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने बताया कि वह पर्दे पर परवीन बाबी की बायोपिक लेकर आ रही है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में कांस फिल्म फेस्टिवल 2023 में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा। अब एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ एक बड़ा अपडेट शेयर किया है। उर्वशी जल्द ही इंडस्ट्री की दिग्गज एक्ट्रेस परवीन बाबी में दिखाई देंगी। इस बीच एक्ट्रेस ने एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें उन्होंने प्राउड फील कराने की बात कही है।

जाहिर है कि पिछले कुछ सालों से फिल्म इंडस्ट्री में बायोपिक बनाने का दौर चल गया है। अब तक कई स्टार्स किसी-न-किसी की बायोपिक में नजर आ चुके हैं। इस लिस्ट में अब उर्वशी रौतेला का नाम भी जुड़ गया है। एक्ट्रेस ने खुद एक पोस्ट के जरिए बताया कि वह पर्दे पर परवीन बाबी की बायोपिक लेकर आ रही है।

उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर की जिसमें लिखा है, फिल्म बाय वसीम एस खान। आगे बोल्ड लेटर्स में परवीन बाबी का नाम लिखा है और साथ ही दो पैराग्राफ हैं, जिसमें लिखा है कि ये फिल्म एक्ट्रेस के फिल्मी करियर के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बताएगी। उसके सुनहरे पलों को पर्दे पर पेश करेगी।



# मशहूर अदाकारा सुलोचना का निधन

अपने जमाने की नामी अभिनेत्री सुलोचना लाटकर का लंबी बीमारी के बाद यहां एक अस्पताल में रविवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष की थीं। सुलोचना के पोते पराग अजगावकर ने निधन की पुष्टि की। मराठी और हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री लाटकर ने 1940 के दशक में अपने करियर की शुरुआत की और 250 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी उल्लेखनीय फिल्मों में आए दिन बहार के, गोरा और काला, देवर, तलाश और आजाद शामिल हैं। उन्होंने सुनील दत्त, देव आनंद, राजेश खन्ना, दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन सहित कई सितारों के लिए मां की भूमिका निभाई।

# जब एस पी बालासुब्रमण्यम ने 12 घंटे में गाए थे 21 गाने, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड



आन्ध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में 4 जून वर्ष 1946 एस पी बालासुब्रमण्यम का जन्म हुआ था। वह एक तेलुगु परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनका पूरा नाम श्रीपति पंडिताराध्याउला बालासुब्रमण्यम था। उन्होंने जेएनटीयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग अनंतपुर में एडमिशन लिया था। क्योंकि वह इंजीनियर बनना चाहते थे। लेकिन टाइफाइड होने के कारण बालासुब्रमण्यम को बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। बालासुब्रमण्यम ने अपनी जिंदगी में हर साल औसतन 930 गाने या कहा जाए तो हर रोज तीन गाने गाए हैं। बालासुब्रमण्यम के नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे अधिक 40,000 गाना गाने का रिकॉर्ड है। **अवॉर्ड**-बाला सुब्रमण्यम को छह बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दें कि पहला पहला प्यार है के गायक बालासुब्रमण्यम ने चार अलग-अलग भाषाओं में गाना गाने के लिए 6 राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किए थे। वहीं साल 2001 में उन्हें पद्म श्री और साल 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। **मृत्यु** -साल 2020 में देश भर में फैली महामारी कोविड-19 वायरस ने एस पी बालसुब्रमण्यम को भी अपनी चपेट में लिया था। जिसके बाद उनको चेन्नई के एमजीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। हालांकि उनका कोविड-19 टेस्ट निगेटिव आया था। लेकिन सितम्बर 2020 में उनकी तबियत फिर बिगड़ गई। जिसके बाद 25 सितम्बर 2020 को एस पी बालसुब्रमण्यम की मौत हो गई।

# महाभारत के शकुनी मामा उर्फ गुफी पेंटल का 79 साल की उम्र में निधन





महाभारत में शकुनी मामा का किरदान निभाने वाले गुफी पेंटल लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और 31 मई को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह 79 वर्ष के थे और उम्र संबंधी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे मुंबई में किया जाएगा। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया और उन्हें आईसीयू में भर्ती बताया गया। अभिनेता के परिवार ने एक बयान में कहा, गहरे दुख के साथ हम अपने पिता मिस्टर गुफी पेंटल (शकुनी मामा) के निधन की सूचना देते हैं। आज सुबह परिवार के बीच उनका निधन हो गया।गुफी पेंटल को महाभारत में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है जो दूरदर्शन पर प्रसारित होता था। उन्हें आखिरी बार स्टार भारत के शो जय कन्हैया लाल की में देखा गया था। फिल्म उद्योग में एक मजबूत पृष्ठभूमि वाले एक रचनात्मक परिवार से आने वाले गुफी के पिता मोहन पेंटल भी एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता और हास्य अभिनेता थे।गुफी पेंटल एक अभिनेता होने के साथ-साथ एक टेलीविजन निर्देशक भी थे। उनके अन्य उल्लेखनीय कार्यों में रफू चक्कर, देस परदेस, दिल्लगी, मैदान-ए-जंग, दावा और कई अन्य शामिल हैं। वह कानून, सौदा, अकबर बीरबल, ओम नमाय शिवाय, मिसेज कौशिक की पांच बहुएं, कर्ण संघिनी और अन्य जैसे टीवी शो का भी हिस्सा रहे हैं। पेंटल ने हैलो इंस्पेक्टर और खोटे सिक्की जैसे टेलीविजन शो भी बनाए हैं।

# लिव-इन-पार्टनर की हत्या, पेड़ काटने वाले कटर से टुकड़े-टुकड़े किए, कुकर में हड्डी और मांस उबाला

दिल्ली में हुए श्रद्धा वालकर हत्याकांड की आंच अभी ठंड़ी भी नहीं हुई थी कि मुंबई से एक बार फिर से डराने वाली वारदात सामने आयी हैं। यहां तो आरोपी ने आफताब की दरिंदगी को भी पीछे छोड़ दिया और अपनी ही लिव-इन पार्टनर की हत्या की उसके शरीर के टुकड़े किए और उन टुकड़ो को कुकर में उबात दिया ताकि किसी तरह का कोई सबूत ही न बचे।

मुंबई के मीरा रोड स्थित अपने किराए के अपार्टमेंट में अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या करने और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोप में 56 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शख्स ने अपनी साथी के शव को पेड़ काटने वाला मशीन से काट डाला और उसके शरीर के अंगों को कुकर में उबाला भी ।मनोज साहनी के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी पिछले तीन वर्षों से गीता नगर फेज 7 में गीता आकाश दीप भवन के फ्लैट 704 में 36 वर्षीय सरस्वती वैद्य के साथ रह रहे थे। फ्लैट से दुर्गंध आने की शिकायत पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मनोज बोरीवली में एक छोटी सी दुकान चलाता हैं।

नयानगर थाने में बुधवार शाम को बिल्डिंग के निवासियों का फोन आया, जिन्होंने दंपति के फ्लैट से आने वाली दुर्गंध की शिकायत की। उसके घर में सड़ी-गली लाशें मिलने से यह आशंका जताई जा रही है कि हत्या तीन-चार दिन पहले की गई होगी। एक टीम मौके पर पहुंची और महिला का क्षत-विक्षत शव मिला, जिसे कई टुकड़ों में काटा गया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 1) जयंत बाजबले ने इंडिया टुडे को बताया मनोज साहनी और सरस्वती वैद्य लिव-इन रिलेशनशिप में थे और गीता आकाश दीप बिल्डिंग में रहते थे। दंपति का किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद महिला की उसके साथी ने हत्या कर दी थी। उसके शरीर को कटर से टुकड़े-टुकड़े कर दिया गया था। जब हम घर पहुंचे और दरवाजा खोला, तो हम समझ गए कि यह हत्या का मामला है और संदिग्ध ने सबूत छिपाने की कोशिश की ।पुलिस हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

पिछले साल मई में आफताब पूनावाला नाम के शख्स ने अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा वाकर की हत्या कर दी थी। उसने उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और उन्हें राजधानी में अलग-अलग जगहों पर बिखेरने से पहले दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने घर में लगभग तीन सप्ताह तक फ्रिज में रखा। दिल्ली पुलिस ने 24 जनवरी को इस मामले में 6,629 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने आफताब पूनावाला के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

# उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने मुख्य इन्जीनियर को मूर्ति पुनर्निर्माण के लिये दिया ज्ञापन



उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के कैम्पस में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जी की मूर्ति लगी हुई है ,जो कि वर्तमान समय में खण्डित हैं। संघ के स. महामंत्री रूपम पाण्डेय ने बताया कि मूर्ति कई महीनो से खण्डित है, परन्तु किसी ने भी अभी तक बनवाने का प्रयास नही किया।

जबकि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का देश की स्वतंत्रता मे बहुत बडा योग दान रहा है, समाज मे उनके प्रति लोगो का बहुत ही आदर और सत्कार है, उन्हे हम सभी सत् सत् नमन करते है। स्वतंत्रता की ऐसी महान नायिका और स्वतंत्रा सेनानी की मूर्ति खण्डित है, इसकी किसी ने सुध नही लिया। जबकि बीते कुछ समय पूर्व मे ही भारत सरकार ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के सम्मान मे उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत झाँसी स्टेशन का नाम बदलकर वीरागंना रानी लक्ष्मीबाई झांसी किया हैं।

ज्ञापन देते समय प्रयागराज एवं मुख्यालय मण्डलों के सभी शाखाओ के पदाधिकारिगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से- केन्द्रीय का. अध्यक्ष ए. के. राय, केन्द्रीय उपाध्यक्ष बृजेश चौहान, मण्डल अध्यक्ष अजय सिंह, मण्डल संगठन मंत्री सभाजीत चौबे, शाखा अध्यक्ष राजकुमार दास, अमरेन्द्र तिवारी, शाखा मंत्री लाला रंजय कुमार अंबष्टा, आशीष कुमार मिश्र, अंकितेश पाण्डेय, निरंजन कुमार सिंह, राकेश मीना, ओम शुक्ला, नरेश, धर्मेंद्र सिंह, आजाद कुमार शर्मा आदि कर्मचारी, कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कोई मुसलमान भाई नहीं मिला,', हिंदू लड़के के साथ जा रही मुस्लिम युवती से बीच बाजार बदसलूकी



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में अपने हिंदू दोस्त के साथ बाइक पर जा रही मुस्लिम लड़की को बीच सड़क पर रोककर एक लड़का उससे बदसलूकी करता नजर आ रहा है. युवती उन लड़कों से लगातार कहती है कि जिस लड़के के साथ बाइक पर बैठकर वह जा रही है, वह न सिर्फ उसका दोस्त है बल्कि भाई भी है. लेकिन फिर भी वे नहीं माने.

पिता से करानी पड़ी बात

युवक कहता है कि तुमको और कोई नहीं मिला, इसके साथ क्यों जा रही हो? जब सवालों से लड़की से परेशान हो गई तो उसने अपने पिता से बात कराई, तब जाकर मामला ठंडा पड़ा. बदसलूकी करने वाले युवक के खिलाफ मुस्लिम युवती ने थाने में शिकायत की है. इसके बाद वीडियो बना रहे शमशेर अली के खिलाफ 354, 354(घ), सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66श्व के तहत मुरादाबाद के सदर कोतवाली ने मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई है. लड़की ने एफआईआर में लड़के पर गलत भाषा बोलते हुए वीडियो बनाने का आरोप लगाया है.एफआईआर के मुताबिक, आरोपी ने लड़की से कहा कि हम मर गए क्या उसे सैय्यां और हमको भैया. अब इस वायरल वीडियो पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं.

# उत्तराखंड के मंदिरों में दर्शन करने के लिए ड्रेस कोड का करना होगा पालन

मंदिर में जाकर भगवन दर्शन करना है तो इसके लिए अब तक जहां श्रद्धा और भक्ति सबसे अहम मानी जाती थी। वहीं अब पर्याप्त ड्रेस कोड भी होना आवश्यक है। ऐसा आदेश हाल ही में उत्तराखंड में लागू किया गया है। उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून जिलों में मंदिर में प्रवेश करने से पहले उचित वस्त्र पहनने वालों को ही मंदिर में प्रवेश मिलेगा जबकि जिन श्रद्धालुओं ने उचित पोशाक धारण नहीं की होगी उनके मंदिर में जाने पर प्रतिबंध होगा।

शुरुआत में ये आदेश हरिद्वार के दक्ष प्रजापति मंदिर, देहरादून के टपकेश्वर महादेव मंदिर और ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में लागू किया गया है। इस संबंध में महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा के सचिव महंत रविन्द पुरी ने रविवार को कहा कि दक्ष प्रजापति मंदिर (हरिद्वार), टपकेश्वर महादेव मंदिर (देहरादून) और नीलकंठ महादेव मंदिर (ऋषिकेश) में "छोटे कपड़े पहने महिलाओं/पुरुषों" के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पुरी ने कहा कि ऐसी महिलाओं को ही मंदिरों में प्रवेश की अनुमति होगी जिन्होंने 80 प्रतिशत तक शरीर ढंकने वाले कपड़े पहने हों। उन्होंने कहा कि महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा से जुड़े इन मंदिरों में यह प्रतिबंध तत्काल प्रभावी होगा। महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा दशनाम नागा संतों से संबंधित है। पुरी ने कहा कि जल्दी ही यह प्रतिबंध देश भर में अखाड़े से जुड़े मंदिरों में लागू किया जाएगा। प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता के संबंध में प्रश्न करने पर पुरी ने कहा, "कभी-कभी, मंदिर आने वाले व्यक्तियों के कपड़े इतने छोटे होते हैं कि दूसरे लोगों को उन्हें देखकर शर्म आती है।"

उन्होंने कहा, "हरिद्वार के कनखल में स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर- जिसे दक्ष प्रजापति मंदिर भी कहा जाता है, को भगवान शिव का ससुराल माना जाता है। दुनिया भर के लोग इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं।" पुरी ने कहा, "प्रत्येक सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। आज के युवा, मंदिरों में ऐसे कपड़े पहन कर आते हैं जो शुचिता के प्रति उनकी उपेक्षा को दर्शाता है।" उन्होंने कहा कि ऐसे वस्त्रों से "श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है" और वे अकसर मंदिर समिति से इसकी शिकायत करते हैं।

उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह प्रतिबंध लगाया गया है और प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस प्रतिबंध का हरिद्वार के संतों ने समर्थन किया है। कथा व्यास मधुसूदन शास्त्री का कहना है, "मंदिरों की शुचिता एवं पवित्रता बनाए रखनी चाहिए और (मंदिर) परिसर में लोगों को उचित व्यवहार करना चाहिए। यह प्रतिबंध सनातन धर्म के अनुरुप है।

वृंदावन में भी मंदिर लगा चुका है नोटिस

बता दें कि ये कोई पहला मौक नहीं है जब भारत के किसी मंदिर में महिलाओं और पुरुषों के लिए कपड़े पहनने का नियम निर्धारित किया गया है। इससे पहले वृंदावन के श्री राधा दामोदर मंदिर में भी ऐसा ही खास पोस्टर चस्पा किया गया था, जिसमें भक्तों को खास हिदायत दी गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा चस्पा किए गए पोस्टर पर लिखा गया है कि मंदिर में मर्यादित कपड़े पहनकर भक्त दर्शन करने आए। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से प्रेमपूर्वक ये निवेदन किया है और इस संबंध में मंदिर प्रांगण में पोस्टर लगाया गया था। इस पोस्टर में महिला और पुरुष के दो फोटो भी लगाए गए हैं जिनके जरिए बताया गया है कि किस तरह के कपड़ों को पहन कर मंदिर में दर्शन करने नहीं आना है। इन दोनों फोटो पर क्रॉस लगाए गए है।

# जब पत्नी ने घबराहट में बुला ली पुलिस, पति पर लगाया मां की हत्या का आरोप

दरअसल महिला ने सोते हुए एक सपना देखा जिसमें उसने देखा की उसका पति चाकू से उसकी मां को मार रहा है। इस सपने को देखने के बाद महिला ने हड़बड़ाहट में 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को घर बुला लिया और उस घटना की सूचना दी जो महिला ने सपने में देखी थी। पुलिस जब महिला की शिकायत पर घर पहुंची को उसे महिला का पति घर में आराम से सोता हुआ मिला। इस मामले में पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है ।घटना नोएडा के थाना फेज 2 की है जहां एक महिला ने सपना देखा की उसका पति उसकी मां का गला काटकर हत्या कर रहा है। महिला ने पति के तकिए के नीचे तलाशी ली को उसे वहां एक चाकू भी रखा मिला। इसके बाद महिला अधिक घबरा गई। बता दें कि महिला की मां जिसकी हत्या होते हुए उसने देखी वो नोएडा में नहीं बल्कि हजारों किलोमीटर दूर बिहार में रहती है। पुलिस की पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि उसे सपना आ रहा था कि उसकी मां की हत्या कर रहा है ।बता दें कि महिला के पति के तकिए के नीचे से जांच के दौरान चाकू भी मिला है। इस चाकू के मिलने से मामला और पेंचिदा हो गया। पूछताछ में महिला के पति ने बताया कि उसे बुरे सपने आते है। सपने में उसे अपनी पत्नी का किसी और के साथ संबंध होने और पत्नी का भागना दिखता है। ऐसे बुरे सपनों से बचने के लिए महिला का पति तकिए के नीचे चाकू लेकर सो रहा था।

# बच्चों में था डर! जिस स्कूल में रखे गए थे शव, उसे अब तोड़ा जा रहा




बहानगा हाई स्कूल के आसपास का पूरा इलाका उस समय सहम गया जब इसे ओडिशा ट्रेन त्रासदी के शवों को रखने के लिए मुर्दाघर में बदल दिया गया। इस हादसे में 288 लोगों की जान चली गई थी। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। स्कूल के छात्र उस इमारत में अपनी कक्षाओं में लौटने से डर रहे थे जिसे एक अस्थायी मुर्दाघर में बदल दिया गया था। 2 जून को दुर्घटना के तुरंत बाद, ओड़िशा के बहानागा में 65 साल पुराने इस स्कूल भवन में कफन में लिपटे शवों को रखा गया था।

अब बालासोर में बहानागा स्कूल भवन के कुछ हिस्सों को तोड़ा जा रहा है। यह बालासोर ट्रेन दुर्घटना के मृतकों के लिए एक अस्थायी मुर्दाघर में तब्दील होने के बाद माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को स्कूल भेजने में अनिच्छा व्यक्त करने के बाद हो रहा है। बहनागा हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रमिला स्वैन ने कहा कि छोटे छात्र डरे हुए हैं। गुरुवार को स्कूल का दौरा करने वाले बालासोर के जिला कलेक्टर दत्तात्रय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा कि मैंने स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रधानाध्यापिका, अन्य कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की है। वे पुरानी इमारत को तोड़कर उसका जीर्णोद्धार करना चाहते हैं ताकि बच्चों को कक्षाओं में जाने में कोई डर या आशंका न हो।

एसएमसी के एक सदस्य ने जिला कलेक्टर को बताया कि टीवी पर स्कूल की इमारत में पड़े शवों को देखने के बाद, 卐बच्चे प्रभावित हैं और 16 जून को फिर से स्कूल आने के बाद स्कूल आने से हिचक रहे हैं। हालांकि, शवों को भुवनेश्वर में स्थानांतरित कर दिया गया है और स्कूल परिसर को साफ कर दिया गया है। लेकिन अभी भी छात्र और अभिभावक डरे हुए हैं और दहशत की स्थिति में हैं। एक छात्र ने कहा कि यह भूलना मुश्किल है कि हमारे स्कूल की इमारत में इतने सारे शव रखे हुए थे। एक अभिभावक सुजीत साहू ने कहा कि हमारे बच्चे स्कूल जाने से इनकार कर रहे हैं और उनकी माताएं उन्हें अब शिक्षण संस्थान में भेजने की इच्छुक नहीं हैं।

## सबसे बड़ा खुलासा!

# चोट का नामोनिशान नही, आखिर कैसे मर गए 40 लोग?



उड़ीसा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे को अब तक के सबसे बड़े रेल एक्सीडेंट की लिस्ट में शामिल किया जा रहा है. इस हादसे में करीब 278 लोगों की मौत हो गई वहीं 1200 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आपको जानकर हैरानी होगी कि मौके पर पहुंची राहत बचाव टीम को 40 ऐसे शव बरामद हुए जिनके ऊपर चोट का एक भी निशान नहीं हैं. जांच एजेंसियां इस बात को लेकर हैरान हैं कि आखिर इनकी मौत कैसे हुई? पुलिस द्वारा दर्ज स्त्रङ्घक्रमें इसका जवाब मिलता है.बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में कोरोमंडल एक्सप्रेस से बरामद करीब 40 शवों पर किसी तरह की चोट का निशान नहीं पाया गया है जो अपने आप में चौंकाने वाला है. वहीं डॉक्टर और जांच एजेंसियों का मानना है कि उनकी मौत करंट लगने से हुई है. राजकीय रेलवे पुलिस ने खुद इस बात की जानकारी दी है. बालासोर में जीआरपी थाने में दर्ज प्राथमिकी में संकेत दिया गया है कि ऊपर से जा रहे तारों के दुर्घटना के बाद टूटने और उनके कुछ डिब्बों में फंसने की वजह से यात्रियों को करंट लगा. इसके वजह से उनकी मौत हो गई. पुलिस उपनिरीक्षक पी कुमार नायक ने प्राथमिकी में कहा कि कई यात्रियों की मौत चोट लगने और ऊपर से जा रहे तारों के संपर्क में आने से करंट लगने की वजह से हुई है. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के बाद डिब्बों के पलटने से बिजली के खंभे गिर पड़े जिससे ऊपर से जा रहे तार टूट गए.आपको बता दें कि ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को तीन ट्रेनें हादसे का शिकार हुई थीं. इसमें हावड़ा-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस और खड़ी हुई माल गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. फिलहालमंगलवार को मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इसमें जो भी दोषी होगा उसे माफ नहीं किया जाएगा. पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है. वहीं हादसे में घायलों का इलाज चल रहा है. डॉक्टरों की टीम 24 घंटे अलर्ट पर है. कई यात्रियों को बस से उनके घर तक छोड़ा गया है.

# हॉस्टल के कमरे से छात्रा का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, गार्ड की भी मिली लाश

पॉश मरीन ड्राइव इलाके में सरकार द्वारा संचालित एक छात्रावास के कमरे में 19 वर्षीय एक कॉलेज छात्रा का शव मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने कहा कि ओम प्रकाश कनौजिया के रूप में पहचाने जाने वाला 30 वर्षीय संदिग्ध छात्रावास परिसर से फरार हो गया था और बाद में मृत पाया गया था। संदिग्ध दक्षिण मुंबई में पुलिस जिमखाना के पास स्थित सावित्री फुले महिला छात्रावास में 15 साल से गार्ड के रूप में काम कर रहा था। मामले के संबंध में प्राथमिकी मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में दर्ज की गई थी।

आशंका जताई जा रही है कि मृतक कॉलेज छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया है। हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि स्पष्ट तस्वीर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। पीड़िता उपनगरीय बांद्रा में एक सरकारी पॉलिटेक्निक की छात्रा थी।

19 वर्षीय जो महाराष्ट्र के विदर्भ का रहने वाली थी, कुछ समय से लापता थी और पुलिस को तदनुसार सूचित किया गया था। मंगलवार दोपहर से उसका पता नहीं चल रहा था और चौथी मंजिल पर उसके छात्रावास के कमरे पर बाहर से ताला लगा हुआ था। कमरे में प्रवेश करने वाली एक पुलिस टीम ने पीड़िता को उसके गले में दुपट्टे के साथ मृत पाया ।अतिरिक्त आयुक्त अभिनव देशमुख ने कहा 卐हमें जानकारी मिली कि सावित्री बाई हॉस्टल में एक लड़की गायब थी और उसके कमरे को बाहर से बंद कर दिया गया था। वह अंदर मृत पाई गई और उसके गले में दुपट्टा बंधा हुआ था। पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या बलात्कार के बाद की गई है। छात्रावास में काम करने वाला एक व्यक्ति घटना के बाद से ही फरार था। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इसके बाद छात्रावास में काम करने वाले संदिग्ध का भी पता नहीं चला और पुलिस ने छात्रावास कर्मी को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।

आरोपी को पकड़ने के लिए अतिरिक्त आयुक्त देशमुख और मरीन ड्राइव के वरिष्ठ निरीक्षक नीलेश बागुल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें अन्य अधिकारी भी शामिल थे। हालांकि, मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब पास के एक रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध के मृत होने की सूचना मिली।

बताया जाता है कि प्रकाश कनौजिया नेताजी सुभाष रोड स्थित छात्रावास के पीछे चर्नी रोड स्टेशन गए और प्लेटफार्म नंबर एक के पास पटरी पर लेट गए। 1. प्रारंभिक जांच के अनुसार, चर्चगेट स्टेशन से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। बाद में उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटी अस्पताल भेज दिया गया।

# 15 दिन बाद होनी थी शादी, प्रेमिका ने CRPF जवान को होटल में ले जाकर काट दिया प्राइवेट पार्ट

बिहार की राजधानी पटना से एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है. राजधानी के गांधी मैदान थाना क्षेत्र में एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी पर हमला कर उसका प्राइवेट पार्ट चाकू से काट दिया. युवक सीआरपीएफ जवान है. इस घटना के बाद होटल में सनसनी मच गई.घायल प्रेमी का इलाज पटना के सबसे बड़े अस्पताल में चल रहा है. मामले के बारे में सिटी एसपी सेंट्रल वैभव शर्मा ने बताया कि 7 जून को पटना के एग्जीबिशन रोड स्थित होटल के कमरे में प्रेमी और प्रेमिका के बीच लड़ाई हुई, जिसके बाद प्रेमिका ने अपने प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट दिया. इस मामले में पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार भी कर लिया है.

पीड़ित प्रेमी सीआरपीएफ में कॉन्स्टेबल है और उसकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ के सुकमा में है. प्रेमिका मूल रूप से दरभंगा की निवासी है. वह पिछले 4 साल से पटना में है और यहीं से पढ़ाई कर रही है. दोनों के बीच बीते तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था.


सीआरपीएफ जवान ने पुलिस को बताया कि उसके परिवार वालों ने उसकी शादी तय कर दी थी. इसी महीने की 23 तारीख को उसकी शादी होने वाली थी. लेकिन उससे पहले ही उसकी गर्लफ्रेंड ने प्राइवेट पार्ट काट डाला.

दरअसल युवक के घरवालों ने शिवहर की एक लड़की से उसकी शादी फिक्स की थी. जब यह बात जवान की प्रेमिका को लगी तो उसका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया. उसने प्रेमी को सुसाइड की धमकी दे डाली.

गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए CRPF जवान 3 जून को सुकमा से पटना आ गया. यहां वह एक होटल में ठहरा. जब गर्लफ्रेंड ने ज्यादा दबाव डाला तो 5 जून को उसने पटना सिटी कोर्ट में गर्लफ्रेंड से शादी कर ली. इसके बाद दोनों होटल में आए. यहां गर्लफ्रेंड ने अपने प्रेमी से शिवहर वाली लड़की से शादी तोड़ने को कहा. लेकिन उसने इनकार कर दिया.

इसके बाद दोनों में खूब लड़ाई हुई. गुस्से में आकर युवती ने अपने बैग से चाकू निकाला और प्रेमी का प्राइवेट पार्ट काट डाला. इसके बाद होटल में हड़कंप मच गया. सीआरपीएफ जवान को पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उसका इमरजेंसी में इलाज चल रहा है.

# नारियल की धूल नाली के गंदे पानी से हटाना दुकानदार को पड़ा भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार




गर्मी के मौसम की तपिश से बचने के लिए नारियल पानी का सेवन करते हैं? अगर हाँ तो शायद इस खबर को पढ़ने के बाद आप नारियल पानी पीना ही छोड़ दें। दरअसल, सोशल मीडिया पर नारियल पानी बेचने वाले एक दुकानदार का चौकाने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो नाली के गंदे पानी को नारियलों पर छिड़कता नजर आ रहा है। ये वीडियो उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा का बताया जा रहा है। इसके वायरल होते ही नोएडा पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में कार्रवाई कर रही है।

नोएडा पुलिस ने आरोपी की पहचान समीर के रूप में की है, जो बरेली का रहने वाला है। समीर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के बाहर नारियल पानी बेचता है। मंगलवार को समीर ने नारियल पर से धूल हटाने के लिए उनपर नाली का गंदा पानी छिड़का, जिसका किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो कुछ ही समय में वायरल हो गया और लोगों ने पुलिस से इस मामले पर कार्रवाई करने की मांग की। लोगों की मांग पर बिसरख पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और आरोपी को गिरफ्तार किया ।बिसरख कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत ने मामले पर मीडिया से बात करते हुए बताया कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें नाली के पानी से नारियल पर छिड़काव हो रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया है कि धूल के कारण उसके नारियल गंदे हो गए थे तो उसने सोचा कि जल्दबाजी में नाली के पानी से ही नारियल को धूल दिया जाए।

# घर में घुसकर नाबालिग से रेप, मारा हथौड़ा, फांसी के फंदे पर लटकाया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. इंदिरानगर थाना क्षेत्र के तकरोही इलाके में एक 14 साल की नाबालिग का बलात्कार के बाद कत्ल कर दिया गया. जानकारी के मुताबिक, आरोपी पहले नाबालिग के घर में घुसा और फिर हत्याकांड को अंजाम दिया.

नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया. लड़की के पिता ने शाहिद नाम के लड़के पर रेप और मर्डर का आरोप लगाया है. पुलिस ने शाहिद को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है.जानकारी के मुताबिक, लड़की इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के तकरोही इलाके में रहती थी. आरोपी बुधवार दोपहर करीब 1 बजे घर में घुसा और फिर उसके साथ रेप किया. इसके बाद उसने हथौड़ा नाबालिग के सिर में मार दिया. दरिंदगी की हद को पार करते हुए उसने लड़की का शव फांसी के फंदे पर लटका दिया.

मामले की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया. दिनदहाड़े घर में घुसकर नाबालिग से रेप और मर्डर की घटना से लोग सहमे हुए हैं. मर्डर के बाद लड़की के परिजनों ने आरोपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह उनकी बेटी के पीछे आरोपी काफी दिनों से पड़ा हुआ था. वह उसे परेशान कर रहा था. जब वह घर पर अकेली थी तो अंदर घुस आया और रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी.

लड़की की मां के मुताबिक, जब वह काम से बुधवार को वापस लौटी तब आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था. उन्होंने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई.

परिजनों की शिकायत के बाद हत्या और रेप की एफआईआर दर्ज कर ली गई है. परिवारवालों ने कहा कि जब वह अंदर पहुंचे तो लड़की का शव दुपट्टे से पंखे पर लटका हुआ था. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है. रिपोर्ट आने के बाद ही वजह मालूम चल पाएगी.

# भारत की सभ्यतागत लोकाचार को प्रदर्शित करने के लिए

# नई संसद

**भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में इसकी स्थापना हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित मूल्यों के गहन जागरण का प्रतीक है।**

**65,000 वर्ग मीटर** में फैले नए भवन में **लोकसभा, राज्यसभा, संवैधानिक हॉल** और अन्य कार्यालय हैं



इमारत में तीन औपचारिक **पार्श्व कक्ष** हैं। उनके पास गांधी, चाणक्य, गार्गी, पटेल, अंबेडकर और कोणार्क पहिया की **विशाल पीतल की छवियां** हैं।





सार्वजनिक प्रवेश द्वार से **तीन दीर्घाएँ** निकलती हैं- **संगीत दीर्घा, स्थापत्य दीर्घा और शिल्पा दीर्घा**

नई संसद में **छह प्रवेश द्वार** हैं, प्रत्येक को बलुआ पत्थर से बने **संरक्षक मूर्तियों** से सजाया गया है। ये हैं- **गजद्वार, अश्वद्वार, गरुड़द्वार, हंसद्वार, मकरद्वार और शार्दुलद्वार।**

इस संसद की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यहां **धार्मिकता और कानून** के शासन के प्रतीक के रूप में एक **"सेंगोल"** स्थापित किया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रा में निशुल्क सेवाओं का शुभारंभ करेंगी महापौर




बीपीएस न्यूज

कानपुर। शिव सेवक समिति के द्वारा महापौर प्रमिला पांडे का स्वागत सम्मान धूमधाम से किया गया स्वागत सम्मान में मौके पर मौजूद महापौर प्रमिला पांडे एमएलसी अरुण पाठक एवं पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया ने शिव सेवक समिति कानपुर के द्वारा अमरनाथ यात्रा के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल एवं महासचिव रत्नेश वर्मा शीलू ने महापौर का स्वागत भगवान शिव शंकर का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया तथा अमरनाथ यात्रा में शामिल होने को आमंत्रित किया जिसे महापौर प्रमिला पांडे ने सहज स्वीकार करते हुए 29 जून को बाबा अमरनाथ यात्रा पर पहुंचने की बात गई वही मौके पर मौजूद महामंत्री रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि समिति ने महापौर से समिति के नाम से एक पार्क आवंटित करने की बात कही जिसे महापौर ने तुरंत स्वीकार करते हुए प्रथम कार्यकारिणी में पारित करने का आश्वासन दिया। रत्नेश वर्मा के मुताबिक मौजूदा समय में अमरनाथ पवित्र यात्रा में सात ई रिक्शा यात्रियों को निशुल्क सेवा दे रहे हैं तथा इस बार यात्रा में अमरनाथ श्राइन बोर्ड के द्वारा ई रिक्शा के अलावा जलपान की व्यवस्था भी बोर्ड के द्वारा कानपुर समिति को दी गई है जो अपने आप में कानपुर के लिए उपलब्धि है इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल महासचिव शीलू वर्मा संरक्षक शिव गोपाल गुप्ता अनिल चतुर्वेदी अशोक बाजपेयी अनुज यादव मनोज जायसवाल सचिन वर्मा तेज बहादुर वर्मा परशुराम शुक्ला सागर सिंह शौर्य सिंह सहित काफी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापारी को शस्त्र लाइसेंस देने का पुलिस कमिश्नर ने किया वादा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन एवं सर्राफा कमेटी दक्षिण क्षेत्र के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर कानपुर से मुलाकात कर 2021 में थाना नौबस्ता क्षेत्र के किदवई नगर में स्थित गायत्री ज्वैलर्स पर अज्ञात हमलावरों के द्वारा पिता एवं पुत्र को गोली मार घायल कर बैग छीनकर भागने के 2 वर्ष बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस के द्वारा हमलावरों से पुलिस की दूरी तथा हमलावरों की गिरफ्तारी ना होने पर सर्राफा व्यापारियों ने कानपुर कमिश्नर बीपी जोगदंड से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश सर्राफा एसो कानपुर विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित बाजपेई ने बताया कि उत्तर प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश जैन कैलाश नाथ अग्रवाल एवं सर्राफा कमेटी दक्षिणी अध्यक्ष अजीत गुप्ता सुमित अग्रवाल अमोल वर्मा विकास ओमर सुमित कश्यप जमुना प्रसाद वर्मा एवं मीडिया प्रभारी अमित बाजपेई की अगुवाई में कानपुर कमिश्नर से मुलाकात कर विगत वर्षों में सर्राफा व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं का कोई भी निस्तारण ना होने की बात कही। जिस पर सर्राफा व्यापारी सुरेश वर्मा को कमिश्नर बीपी जोगदंड ने जल्द से जल्द शस्त्र मुहैया कराने की बात कही। वहीं दूसरी ओर सर्राफा व्यापारी सुरेश वर्मा ने सर्राफा संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वर्ष 2021 में हुई घटना के बाद उस वक्त के कमिश्नर असीम अरुण ने उन्हें शस्त्र मुहैया कराने की जल्द से जल्द बात कही थी किंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी ना तो हमलावर पुलिस की गिरफ्त में है और ना ही शस्त्र उन्हें मिल सका। किंतु सर्राफा कमेटी के तत्वाधान में हुई कानपुर कमिश्नर से मुलाकात से उन्हें अब उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें न्याय मिल सकेगा

# अमरनाथ यात्रा मे शिवभक्त सेवा भाव से करते है काम



दिलीप कुमार मिश्रा

कानपुर। श्री बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान मे आज भाभा नगर गेट, सनिगवा कानपुर नगर मे 6 वा कलेक्शन सेन्टर का शुभारंभ युवा हृदय समाट करन महाना ने बाबा शिव की फोटो पर माल्यार्पण व दीप जला कर किया।उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि अमरनाथ मे शिव भक्त सेवा भाव से कार्य करते है। पूरे भारत वर्ष से शिव भक्त दर्शन करने जाते है। कानपुर नगर मे 10 सेन्टर बनाये गये है, जिसके माध्यम से खाद्य सामागी इकट्ठा करके बाबा अमरनाथ के दरबार मे 12 जून को भेजी जायेगी।अमरनाथ की टीम 21 वर्ष से सेवा भाव से लगातार कार्य कर रही है, अमरनाथ के भंडारे मे कानपुर नगर की टीम प्रति वर्ष भंडारे की सामगी बढती ही जा रही है, सेवा, समर्पण और लगन से काम करने से जनमानस का जुड़ाव बढ़ता जा रहा है। श्री बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष के श्याम तिवारी ने कहा कि पिछले 21 सालो से लगातार दाल, चावल, आटा, बिस्किट, रिफाईंड, सरसो का तेल, डालडा, चावल, पानी की बोतले आदि भेजी जाती है।उसे 2 ट्रैको के माध्यम से बाबा अमरनाथ के दरबार मे भेजा जाता है। एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया के डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्रा, सीनियर प्रेस सेकेट्री कमल सिंह यादव, डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर जग महेंद्र अग्रवाल आदि ने अमरनाथ भंडारे के लिए दाल, चावल और चाय की पत्ती देकर पूरे देश मे अमन, चैन और शांति की बना रहे का आशीर्वाद मांगा है। इस बार यह कलेक्शन 12 जून तक ही किया जायेगा। इस कलेक्शन सेन्टर मे प्रमुख रूप से अजय वर्मा, पियूष सिह, जितेंद्र वर्मा, अभिताभ पाण्डेय, संजय शुक्ला आदि सेवादार अपनी सेवा दे रहे है। मंच का संचालन आदित्य मिश्रा ने किया। इस कैम्प का आयोजन पार्षद भवानी शंकर राय व देवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

# सभी लोग अपने नाम का एक पौधा अवश्य लगाएंः सुरेंद्र मैथानी



कानपुर। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने अनेक स्थान पर शरबत वितरित किया।साथ ही विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कई स्थान पर पौधरोपण भी किया गयाविधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने बताया कि पेड़ पौधे लगाने से पर्यावरण में ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ा सकते हैं जिससे आने वाली पीढ़ी को ऑक्सीजन की कमी ना हो और स्थानीय जनता से कहा कि सभी लोग अपने अपने नाम का एक पौधा अवश्य लगाएंउक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी पार्षद नीरज गुप्ता, नगर निगम उद्यान अधिकारी वीके सिंह विनोद मिश्रा, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, जीतू बाजपेई, सियाराम पाल, लाखन सिंह चंदेल आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई, दो में राजस्व व पुलिस टीम भेजकर तत्काल निराकरण के दिए निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना दिवस में मण्डलायुक्त लोकेश एम. ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ विभिन्न फरियादियों की समस्याओं को सुना। कमालपुर के शैलेंद्र ने बताया कि लेखपाल ने हमारे निर्माण कार्य को बंद करा दिया परन्तु उसी जगह गुरप्रीत शर्मा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।ग्राम सुखनीपुर की गोमती द्वारा शिकायत की गयी कि उसके निर्माणाधीन मकान को पड़ोस के कुछ लोगों ने रूकवा दिया और उसके साथ मारपीट की गयी। थाना दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से उपरोक्त दोनो प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की लोकल टीम मौके पर भेजकर समस्या का तत्काल निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये। कार्यवाही की रिपोर्ट आज सायं तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिये गये। अन्य फरियादियों के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि उनके प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।थाना दिवस में उपस्थित लेखपालों के बस्ते चेक किये गये परन्तु उनके पास लेखपाल दिनचर्या बही, विवाद रजिस्टर, ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर नही थे। उनके द्वारा इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नही दी गयी, उनजिलाधिकारी को कड़े निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह के अन्दर रेवन्यू मैनुअल में दी गयी व्यवस्था के अनुसार सभी आवश्यक अभिलेख लेखपाल अपने साथ रखें। उच्चाधिकारियों के निरीक्षण के समय मांगे जाने पर उन्हें प्रस्तुत करें। थाना दिवस रजिस्टर के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि पिछले थाना दिवस में आये फरियादियों के नाम व पते अंकित हैं परन्तु उनमें से कुछ फरियादियों के मोबाइल नं0 अंकित नही मिले,, जिससे उनकी शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त नही की जा सकी। पूर्व दिवसों में दिये गये प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में विमल कुमार पुत्र बाबूराम ग्राम बौसर के मोबाइल पर बात की गयी और उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी समस्या का निराकरण करा दिया गया है। थाना दिवस 25 मार्च में प्राप्त शिकायत के सम्बन्ध में फरियादी सूर्य प्रताप सिंह पुत्र स्व. ब्रहमा सिंह के मोबाइल पर बात की गयी जिस पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उनके प्रकरण में अभी तक कोई राजस्व अथवा पुलिस कर्मी मौके पर नही आया है और न ही कोई कार्यवाही हुई है। उपजिलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि राजस्व व पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर समस्या का निराकरण करायें।वर्तमान में घरौनी बनाये जाने एवं रियल टाइम खतौनी का काम चल रहा है। इस सम्बन्ध में लेखपालों को निर्देश दिये की प्राप्त शिकायतों/आपत्तियों का निस्तारण प्रत्येक दशा में किया जाये।उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि पूर्व थाना दिवसों में आये फरियादियों में से रैण्डम आधार पर कुछ फरियादियों से उनके मोबाइल पर वार्ता कर ज्ञात करें कि उनकी समस्या का निराकरण हुआ है या नही। चारागाह, ग्राम सभा व अन्य सार्वजनिक भूमियों पर किसी भी दशा में अवैध कब्ज़े न होने पायें और जो अवैध कब्ज़े हों उन्हें तत्काल हटाया जाए।चकेरी स्थित बाला जी वेंकटेश्वर मन्दिर, पक्का तालाब के पास मेन रोड पर काफी पानी भरा था जिससे आम जनमानस के आवागमन में कठिनाई हो रही थी। इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त को बताया गया जिस पर तत्काल अस्थायी समाधान कर दिया गया है। उक्त जलभराव की समस्या का स्थायी निदान किये जाने के हेतु नगर निगम, जलकल व एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर दी जान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। घाटमपुर के काटर गांव में एक युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने शव फांसी पर लटकता देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।घाटमपुर थाना क्षेत्र के काटर गांव निवासी लवकुश ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले उनकी पत्नी अमीषा की छोटी बहन गुड़िया (18) कुछ दिनों के लिए रहने आई थी। गुड़िया रोज की तरह खाना खाने के बाद सोने चली गई थी। शनिवार सुबह जब उन्होंने गुड़िया का शव घर के आंगन मे खूंटी के सहारे दुपट्टे पर लटकता देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। हालांकि युवती के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में घाटमपुर थाना के कार्यवाहक प्रभारी रवि दीक्षित ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपना दल एस के द्वारा पदाधिकारियों के संग की गई बैठक



कानपुर। अपना दल एस के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन श्याम नगर में किया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि जेएन कटियार विधायक सरोज कुरील प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा विजय चौरसिया एवं जिलाध्यक्ष राजेश सचान के द्वारा संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एवं सोनेलाल पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक में पदाधिकारियों से संगठन के बारे में चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश सचान बताया कि अपना दल एस नगर के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी पकड़ बना चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राजेश सचान के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विजय चौरसिया को भारत का संविधान स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया गया बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विजय चौरसिया का जन्मदिन पदाधिकारियों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया इस दौरान मुख्य रूप से राम सिंह राजपूत रिंकू वर्मा अभय पटेल अभिषेक पटेल अनिल चौरसिया सौरव सचान गगन सचान पूजा गौतम निशा सचान समीम खान दीपक पांडे कृष्ण तिवारी पूजा देवी सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विदेशी भी प्रभावित हैं आयुध निर्माणी के हथियारों से, निर्यात का बड़ा ऑर्डर मिला



कानपुर। डी पी एस यू बनने के बाद एडवांस वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड की इकाई आयुध निर्माणी थोड़ी दिक्कत उठाने के बाद अब सही मार्ग पर अग्रसर हो रही है। पिछले 8 वर्षों बाद 2023 -24 के वित्तीय वर्ष मे आयुध निर्माणी को सबसे बड़ा रक्षा उत्पादन सामग्री को प्राप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसे हमारे अधिकारी एवं कर्मचारी अपने सफल प्रयास से 31 मार्च 2024 तक आसानी से प्राप्त कर लेंगे, यह जानकारी अजय सिंह (कार्यकारी निर्देशक) आयुध निर्माणी ने दी। उन्होंने बताया कि ए डब्ल्यू ई आई एल द्वारा विकसित 42 किलोमीटर तक मार करने वाली धनुष एवं सारंग जैसी तोपों का निर्माण एवं आपूर्ति भी निर्माणी बखूबी कर रही है लंबा अनुभव एवं आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुये बिल्डिंग, पेंटिंग, शॉट ब्लास्टिंग तथा अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग का कार्य रोबोट द्वारा निर्माणी में किया जा रहा है तथा नए रिसर्च भी जारी है ताकि आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा उत्पादन सामग्री को नए आयाम तक पहुंचाया जा सके, बैठक में मुख्य रूप से संदीप कन्हाई, आर के सिंह, सी के मंडल, एस के सिंह (सभी महाप्रबंधक) सुधीर यादव (संयुक्त महाप्रबंधक) विनय अवस्थी मौजूद रहे।

# मेट्रो में यात्रा कर सांसद ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा के दिशानिर्देशों के अंर्तगत 30 मई से 30 जून तक कानपुर लोकसभा क्षेत्र में महासंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है । इसी क्रम में 10 जून दिन शनिवार को कानपुर में हो रहे मेट्रो के निर्माणकार्यो के निरीक्षण हेतु कानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सत्यदेव पचौरी एवं भारतीय जनता पार्टी संगठन के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ तथा मीडिया बंधुओं के साथ ( मोतीझील मेट्रो स्टेशन से आईआईटी मेट्रो स्टेशन एवं पुन: मोतीझील स्टेशन वापसी कर विकास तीर्थ का अवलोकन यात्रा का समापन हुआ।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद सलिल विश्नोई, जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेश अवस्थी एवं पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, पूर्व महापौर रविन्द्र पाटनी रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य विजय मिश्रा सहित सैंकड़ों की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं पार्षदगण उक्त मेट्रो यात्रा में निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।यात्रा के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कानपुर नगर सांसद सत्यदेव पचौरी ने बताया देश के प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी ने महासंपर्क अभियान के तहत आज विकास तीर्थ का अवलोकन करते. हुए मोतीझील से आईआईटी तक मेट्रो का सफर तय कर निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद पचौरी ने निर्माण प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं अधिकारियों को समयांतर्गत कार्य पूर्ण किए जाने के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। श्री पचौरी ने बताया कि हम सभी के लिए गर्व की बात है हमारा लोकसभा क्षेत्र भी अब मेट्रो सिटी घोषित हो गया है और जल्द ही जनवरी 2024 तक कानपुर में मेट्रो का शेष निर्माण प्रोजेक्ट कार्य पूरा हो सकेगा । देश के 100 स्मार्ट शहरों में कानपुर भी शामिल हो चुका है। जिससे शहर वासियों को अब सुगम यातायात के साथ साथ ग्रीन कानपुर क्लीन कानपुर का सपना भी पूर्ण होगा । मेट्रो यात्रा निरीक्षण के दौरान शहर में आगामी जनसंपर्क अभियान के प्रति चिंतित सांसद ने यात्रा के दौरान ही बीच मेंसभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी कर डाली ।उन्होंने शहर में आयोजित आगामी 19 जून को जैना पैलेस में आयोजित होने वाली जनसभा एवं शहर में होने वाली टिफिन बैठकों के साथ साथ योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को विधान सभा एवं बूथ स्तर तक सफल बनाने हेतु भी चर्चा कि गई सांसद श्री पचौरी ने बताया कि उक्त आयोजनों को सफल बनाने की तैयारियों के बाबत मूर्त रूप देने हेतु आगामी 16 जून को प्रात: काल सांसद कैंप कार्यालय काकादेव पर विधायको एवं भाजपा क्षेत्रीय समन्वयको संग बृहद आहूत कि गई है।

# कानपुरः हिन्दू धर्म में आस्था के चलते मुस्लिम युवक की संकट में आई जान, सीएम से की फरियाद



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रहने वाले एक मुस्लिम युवक को अपने घर में देवी-देवताओं की मूर्तियां रखने के कारण जान के लाले पड़ गए हैं। उसे लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है। युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरक्षा मांगी है। मुस्लिम युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से खुद के सनातन धर्म अपनाने की गुहार लगाते हुए कहा है कि योगी जी मुझे सनातन धर्म में शामिल करा दीजिए। इन पापियों से मुझे बचा लीजिए। दरअसल जुनैद अपने घर में भगवान की प्रतिमाएं रखकर पूजापाठ करते हैं। इसके साथ ही भगवा वस्त्र पहनकर मंदिर जाते हैं। यह बात कुछ कट्टरपंथियों को रास नहीं आ रही है।मामला कानपुर के बाबूपुरवा कोतवाली क्षेत्र स्थित खटिकाना में रहने वाले जुनैद के साथ जुड़ा हुआ हैं। जुनैद की मां रानी बेगम ने बताया कि जुनैद जब छोटा था, तो उसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। रानी बेगम जुनैद को लेकर शोभन सरकार दर्शन के लिए जाने लगी थीं। शोभन सरकार जाने और वहां के दर्शन से जुनैद के आखों की रोशनी लौट आई। तभी से मां रानी बेगम और बेटे जुनैद का सनातन धर्म के प्रति आस्था बढ़ गई। जुनैद घर में हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियों की पूजापाठ करने लगा। इसके साथ ही भगवा वस्त्र धारण कर मंदिर जाना शुरू कर दिया।इसी बीच मार्च 2019 में फतेहपुर के बिंदकी में रहने वाली अफरोज से जुनैद का निकाह हुआ था। अफरोज जब निकाह के बाद ससुराल आई, तो उसने पूजापाठ का विरोध करना शुरू कर दिया। सनातन धर्म के प्रति आपत्तिजनक बाते कहने लगी। जिसकी वजह से आए दिन विवाद होने लगा, लेकिन इस सबके बाद भी जुनैद की सनातन धर्म के प्रति आस्था कम नहीं हुई। जुनैद की पत्नी अफरोज ने पूरा किस्सा अपने मायके में बताया, जिसपर अफरोज की मां मुस्तकीमा, पिता मुइन अहमद, भाई मुसीर खान और मोहसिन विरोध और मारपीट पर उतारू हो गए। जुनैद को धमकी देने लगे। जुनैद का आरोप है कि सास-ससुर और साले सनातन धर्म को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। मां-बेटे को जान से मारने की धमकी देते हैं। इसके साथ घर आकर गाली-गलौच और मुझसे मारपीट करते हैं। तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। जुनैद का कहना है जब हिंदूस्तान में रहकर भी हम लोग सनातन धर्म की पूजापाठ नहीं कर पा रहे हैं तो हम कहां सुरक्षित रह सकते हैं। ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर बीते 09 फरवरी 2023 को जुनैद ने मुख्यमंत्री योगी से शिकायत करके पूरा मामला उन्हें बताया और सुरक्षा की मांग की है। गौरतलब हो, जुनैद ने 08 जून 2023 को बाबूपुरवा कोतवाली में तहरीर भी दी थी। बाबू पुरवा पुलिस ने जुनैद की तहरीर पर आईपीसी की धारा 298, 504, 506 में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, डीसीपी शिवाजी शुक्ला का कहना है कि ऐसा मामला सामने आया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।